हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 202, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 21 जनवरी, 2024 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल की आधारशिला है हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन

### प्रदेश के सभी 75 जिलों के एक यूनिक प्रोडक्ट का चयन कर की गई मार्केटिंग : योगी

लखनऊ। हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन देखने में भले ही छोटी लग रही है, लेकिन यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में वर्ष 2018 में परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला एक उत्पाद का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों के एक यूनिक प्रोडक्ट का चयन कर उसकी मार्केटिंग की गई। इससे परंपरागत उद्योग को एक नई दिशा और वैश्विक पटल पर पहचान मिली।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में आयोजित ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उन्हे मानदेय और टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का



नतीजा है कि लैंडलॉक्ड स्टेट कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश का दो से तीन वर्ष के अंदर एक्सपोर्ट दो गुने से अधिक हो गया। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने कई अभिनव प्रयोग किये। उन्होंने इन प्रयोगों से महिला सशक्तीकरण को जोड़ा, जो काम से वंचित थीं। उन्हें जब मौके मिला तो उन्होंने अपने हुनर का प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि प्रदेश में पोटेंशियल की कमी नहीं है। आज गवर्नर आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। हैंडीक्राफ्ट से जुड़े कारीगर और हस्तशिल्प प्रेरणा का स्रोत हैं क्योंकि वह आत्मनिर्भर होने के साथ दूसरों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। कोरोना कालखंड में प्रदेश में 40 लाख से अधिक लोग आए। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना हमारे लिये बड़ा चैलेंज था। ऐसे में सरकार के आह्वान पर प्रदेश की 96 लाख एमएसएमई यूनिट ने इन्हे काम देकर संकट की घड़ी में साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश में कुछ भी असंभव नहीं है। इतना ही नहीं आज प्रदेश की ओडीओपी योजना अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं और इसे नई पहचान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने गुजरात से ग्राम स्वराज की नई प्रेरणा दी। यहां पर ग्रामश्री संस्था का जन्म होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को आगे बढ़ाते हुए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को टेक्नोलॉजी से जोड़ नई दिशा दी है। संस्था हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन के जरिये देश के विभिन्न राज्यों के कारीगरों की कुशलता को आपस में आदान-प्रदान कर इसे नया रूप दे रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल विजन को दर्शार्ती हैं।

सीएम योगी ने कहा कि ग्रामश्री संस्था की तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिये ताकि पूरा विश्व देश के कारीगरों के हुनर को जान सके। पहले देश में पर्व और त्यौहार आने पर चीन द्वारा निर्मित सामान देश की मार्केट में छा जाते थे। उनकी कोई क्वालिटी नहीं होती थी। ऐसे में हमने महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के अनुरुप जब उन्होंने काम शुरू किया जो देश ही नहीं विदेशों में भी ओडीओपी योजना के तहत प्रदेश के उत्पाद छा गये। इतना हीं नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी विदेशी दौरे पर जाते हैं तो वह देश के किसी न किसी राज्य के प्रोडेक्ट को मेहमानों को भेंट स्वरूप देते हैं, जो यह दशार्ता है कि इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं।

## उत्तर भारत में अभी और बढ़ेगी ठंड, हिमाचल-उत्तराखंड में यलो अलर्ट



नई दिल्ली। उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। मैदानी क्षेत्रों में चल रही बर्फीली हवाओं से लोग ठिठुर रहे हैं। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने ठंड को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में अगले चार दिनों तक घना कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में ठंड का सिलसिला बरकरार रहेगा। अगले चार दिनों के दौरान घना से बहुत घना कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है। इसके साथ ही अगले दो दिनों के दौरान दिन में गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो दिनों के दौरान शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। कश्मीर में अगले सप्ताह हल्की बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। उम्मीद है कि लंबे समय से जारी शुष्क दौर समाप्त हो जाएगा। मौसम विभाग श्रीनगर के अनुसार, प्रदेश में 24 जनवरी तक शुष्क मौसम जारी रहेगा। इसके बाद बादल छाने लगेंगे।

## जर्मनी से श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या, बोले- यह ऐतिहासिक क्षण, 500 वर्षों का इंतजार खत्म

अयोध्या। पवित्र नगरी अयोध्या श्रीराम के आगमन के लिए तैयार है। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आज पांचवा दिन है। अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जर्मनी से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इस्कॉन के राष्ट्रीय प्रचारक, युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक क्षण है। दुनिया भर के हिंदू भक्त 500 वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे।

अयोध्या का पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया गया है। इस्कॉन भी 22 जनवरी को दुनिया भर में अपने मंदिरों में एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। हम उस दिन राम कथा और भंडारा का आयोजन करेंगे।' राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या जोन के आईजी प्रवीण कुमार ने कहा, 'हम पूरी तैयारी कर रहे हैं, रिहर्सल भी की जा रही है। हम सभी एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जा रही है। मेहमानों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हमने सभी लोगों से 23 जनवरी के बाद दर्शन के लिए आने की अपील की है।' जगद्गुरु रामभद्राचार्य



ने कहा, 'मुझे वही महसूस हो रहा है जो वशिष्ठ जी को महसूस हुआ था जब राम जी 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे।' जगद्गुरु राम लला के 'मुखमंडल' के बारे में बोलते समय एक भक्ति गीत भी गाते हैं और इसका शब्दों में वर्णन करते हैं। अयोध्या राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा, "विनाश काले विपरीत बुद्धि, उन्हें कोई ज्ञान नहीं है।' बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद रेल खंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने 21 व 22 जनवरी को वंदेभारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है। वंदेभारत एक्सप्रेस दो दिन अयोध्या नहीं जाएगी, इसे गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक, गोरखपुर जंक्शन से 21 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 22549 और 22550 गोरखपुर जं.-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर जंक्शन-गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी।

इसके अलावा प्रयागराज संगम से 20 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। प्रयागराज संगम से 19, 20, 21 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 14233 प्रयागराज संगम-मनकापुर एक्सप्रेस सुल्तानपुर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। छह महीने में बना करीब 400 किलो वजनी ताला और चाबी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अलीगढ़ से अयोध्या पहुंच गया है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे नगर में जश्न का माहौल है। हर कोई श्रीराम के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है।

## 'तीन साल में देश से नक्सलियों का होगा खात्मा', सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्रम में बोले अमित शाह

तेजपुर। असम के तेजपुर में एसएसबी कॉम्प्लेक्स में सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शिरकत की। अपने संबोधन में



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में पीएम ने सभी सीएपीएफ के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चाहे वह सीआरपीएफ हो या सीमा पर तैनाय अन्य सभी संगठन। आज, भारत सरकार ने एक डाक टिकट भी जारी किया। भारत और चीन युद्ध के बाद 1963 में एसएसबी की स्थापना हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वन बॉर्डर वन आर्मी की नीति लागू की थी। एसएसबी बल 2001 से भारत-नेपाल सीमा और 2004 से भारत-भूटान सीमा पर देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा। 1962 में चीन के आक्रमण के बाद मई 1963 में सशस्त्र सीमा बल को विशेष सेवा ब्यूरो के रूप में स्थापित किया गया था। 2001 में एसएसबी को इंडो नेपाल के लिए लीड इंटेलिजेंस एजेंसी घोषित किया गया और इंडो नेपाल सीमा की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। बाद में 2004 में भारत-भूटान सीमा भी एसएसबी के जिम्मे आया। मार्च 2004 में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ। एसएसबी सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही सीमा पर अपराधों, भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ को रोकना, अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना जैसे प्रमुख कार्य हैं।


## बलम नेंड्रा के जंगल में मुठभेड़, दो महिला और एक पुरुष नक्सली ढेर, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी



बीजापुर (छत्तीसगढ़)। बीजापुर के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के बलम नेंड्रा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच सुबह हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो महिला समेत एक पुरुष नक्सली को मार गिराया हैं। वहीं जवानों ने घटनास्थल से हथियार, विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के बलम नेंड्रा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी डीव्हीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुड्डू तेलम व अन्य 20 से 25 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर शुक्रवार को डीआरजी बीजापुर व कोबरा 210 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार की सुबह 7.30 बजे के करीब बेलम गुट्टा के पहाड़ी में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो महिला नक्सली और एक पुरूष नक्सली को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से नक्सली शव सहित हथियार विस्फोटक प्रतिबंधित नक्सली संगठन की प्रचार प्रसार की सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां व रोजमर्रा के सामान बरामद किये हैं। क्षेत्र में जवानों का सर्च अभियान जारी हैं।

## 'बाबरी मस्जिद को मुसलमानों से छीना गया' राम मंदिर निर्माण को लेकर भड़के ओवैसी

कलाबुर्गी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम नगरी को सजाया जा रहा है। जहां एक तरफ लोग राम भक्ति में सराबोर हैं। वहीं दूसरी ओर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी लगातार राम मंदिर के निर्माण को लेकर सत्ता और विपक्ष पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारतीय मुसलमानों से बाबरी मस्जिद को योजनाबद्ध तरीके से छीना गया है। दरअसल, ओवैसी कर्नाटक के कलाबुर्गी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'मुसलमानों ने 500 साल तक बाबरी मस्जिद में नमाज अदा की। जब कांग्रेस के जीबी पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब रात के अंधेरे में मस्जिद के अंदर मूर्तियां रख दी गई थीं। बाद में इन्हें हटाया भी नहीं गया। ये मेरी मस्जिद है और हमेशा रहेगी।'



उन्होंने आगे कहा कि नायर उस समय अयोध्या के कलेक्टर थे। उन्होंने मस्जिद बंद कराकर वहां पर पूजा करने लगे। जब विहिप का गठन हुआ था तब राम मंदिर का अस्तित्व नहीं था। महात्मा गांधी ने कभी राम मंदिर के बारे में कुछ नहीं कहा। बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से बाबरी मस्जिद को भारतीय मुसलमानों से छीन लिया गया। उन्होंने कहा, 'अगर जीबी पंत ने उन मूर्तियों को हटा दिया होता और 1992 में मस्जिद को ध्वस्त नहीं किया गया होता, तो क्या हमें इन चीजों को देखना पड़ता? हमारे कई सवाल हैं, जिनके कोई जवाब नहीं दे रहा है।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, जो भारत गठबंधन में भी हैं, का कहना है कि हम हर मंगलवार को सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का आयोजन करेंगे। इस बारे में कोई कुछ नहीं बोलता क्योंकि वे सभी बहुसंख्यक समुदाय के वोटों को निशाना बनाने में व्यस्त हैं।'

## परेड में पहली बार थलसेना का नेतृत्व करेंगी महिला अफसर, कैप्टन शरण्या ने कहा- गर्व की बात है

नई दिल्ली। देश के 75वें गणतंत्र दिवस के परेड में मेड इन इंडिया हथियार और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। इस बार के परेड में महिला फाइटर पायलटों को भी शामिल किया गया है। इस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रहीं है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना से कैप्टन शरण्या राव ने बताया कि वह थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रहीं है। कैप्टन शरण्या राव ने कहा, 'मैं थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रही हूं। यह गर्व की बात है, क्योंकि ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है। परेड में पहली बार महिलाओं की त्रि-सेवा टुकड़ी भी कर्तव्य पथ पर मार्च करती हुई दिखाई देगी। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के दस्ते में महिला कर्मी भी शामिल होंगी। इस बार की थीम नारी शक्ति है तो कई महिला नेतृत्व वाली टुकड़ियां परेड में हिस्सा ले रहीं है। चाहे वह बैंड हो या त्रि-सेवा टुकड़ी या एमएनएस टुकड़ी, ये सभी पहली बार इस परेड में हिस्सा लेगी।' फ्रांस के बैस्टिल दिवस में अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शामिल होने वाली स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रहीं है। स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड में भारतीय वायुसेना की मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। उनके साथ स्क्वाड्रन



लीडर सुमिता यादव और स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सृष्टि वर्मा त्रि-सेवा दल के सुपरन्यूमेररी अफसर के तौर पर मार्चिंग करेंगी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बताया कि हमेशा से परेड की शुरूआत सैन्य बैंड के साथ होती आई है लेकिन इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्यों के साथ परेड का आगाज करेंगी।

## रंगनाथस्वामी मंदिर में हाथी 'अंदल' ने किया पीएम मोदी का स्वागत, गुड़ खिलाया तो दिया आशीर्वाद

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु के तिरुचिलापल्ली में रंगनाथस्वामी मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। भगवान विष्णु की पूजा के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। मंदिर की परिसर में 'अंदल' नाम के हाथी ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने उसे गुड़ खिलाया और आशीर्वाद भी लिया।

**पारंपरिक पोशाक में दिखे पीएम मोदी**– पीएम मोदी ने मंदिर में पूजा की और कंबा रामायण के दोहे भी सुने। इस दौरान पीएम मोदी को पारंपरिक पोशाक में देखा गया। मंदिर में आगमन के दौरान भीड़ ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपने वाहन से हाथ हिलाकर भीड़ का अभिनंदन किया। मंदिर के पंडितों ने सड़कों पर संस्कृत में लिखे स्वागत नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया।


**मंदिर के मुख्य पुजारी ने जताई खुशी**– पीएम मोदी के आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी सुंदर भट्टर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'श्रीरंगम में पीएम मोदी के आने से सभी श्रद्धालु बहुत खुश हुए। भगवान रंगनाथस्वामी



भी पीएम मोदी के आने से खुश हैं। हमारे प्रधानमंत्री सभी के कल्याण की परवाह करते हैं और रंगनाथ भी सभी के कल्याण की परवाह करते हैं। इसलिए यह श्रीरंगम के लिए एक धन्य अवसर है। इससे पहले किसी भी पीएम ने श्रीरंगम में कदम नहीं रखा था। पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां आए हैं। हमें उनके यहां आने पर गर्व है।' श्रीरंगम के बाद पीएम मोदी दोपहर के दो बजे रामेश्वरम गये। वहां पहुंचकर वे श्री अरुलमिगु रंगनाथस्वामी मंदिर में भी दर्शन किये। इसके बाद पीएम मोदी भजन संध्या में भी शामिल हुए।

## राम मंदिर के नाम पर हो रहा साइबर अपराध, अयोध्या पुलिस ने किया आगाह

अयोध्या। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में अब मात्र दो दिन बचे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में इतिहास रचने जा रहा है। जिस दिन का इंतजार बरसों से लोगों को था वो आखिरकार 22 जनवरी को पूरा होगा। राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच साइबर अपराध के मामले भी बढ़ने लगे हैं। राम मंदिर के नाम पर बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए अयोध्या पुलिस ने अब लोगों को आगाह किया है। पुलिस ने आगाह करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर लोगों की आस्था का अपराधी फायदा उठा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की आस्था का फायदा उठा रहे हैं और फर्जी क्यूआर कोड भेजकर राम मंदिर के नाम पर चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। आम लोगों को मुफ्त प्रसाद बांटने के नाम पर, वीआईपी पास और राम मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश पास देने के नाम पर भी धोखाधड़ी की जा रही है। राम मंदिर, अयोध्या के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई जा रही है। ऐसे में पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति के अनुरोध या किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए व्हाट्सएप संदेश का बिना सत्यापन के जवाब न दें और



न ही बिना सत्यापन के किसी को पैसे दान करें। पुलिस ने साफ कहा कि किसी अधिकारिक वेबसाइट पर ही क्लिक करें। पुलिस ने बताया कि राम जन्मभूमि मंदिर में 'आरती' पास प्राप्त करने के लिए बुकिंग 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दिसंबर में शुरू हुई थी। भगवान राम के लिए दिन में तीन बार (सुबह 6:30, दोपहर 12, शाम 7:30) आरती की जाती है। लल्ला जिसके लिए भक्तों के लिए पास बनाए जाते हैं।

## संपादकीय

# जेल में जंजाल

यह जेल अधिकारियों और अपराधियों की सांठगांठ की पराकाष्ठा ही है कि फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल हुई और पांच हजार बैंक लेनदेन हुए। घटनाक्रम उजागर करता है कि जिन जेल अधिकारियों पर अपराधियों की सख्त निगरानी व समाज को भयमुक्त करने का जिम्मा है, वे अपराधियों से मिलीभगत करके व्यवस्था से विश्वासघात कर रहे हैं। जिस दायित्व के लिये सरकार उन्हें वेतन देती है, वे उससे छल ही कर रहे हैं। मानवीय मूल्यों के पतन की यह पराकाष्ठा ही है कि खाकी वर्दी में कुछ लोग निहित स्वार्थों व लालच के लिये समाज में तमाम लोगों के जीवन को संकट में डाल रहे हैं। उनकी इस संदिग्ध भूमिका से अपराधी अपने खतरनाक मंसूबों को जेल में रहते हुए भी अंजाम दे रहे हैं। यह संभव नहीं था कि बिना जेल अधिकारियों की मिलीभगत के अपराधी-तस्कर जेल के भीतर से अपराध का साम्राज्य चला सकें। यूं तो जेल-तंत्र में सडांध की खबरें पूरे देश से आती रहती हैं, लेकिन पंजाब में ऐसी खबरों की निरंतरता चिंताजनक है। अपराधी जेल के भीतर से निरंतर समानांतर शासन चला रहे हैं तो यह कानून के राज पर सवालिया निशान लगाता है। आखिर जेल के भीतर मोबाइल बिना जेलकर्मियों की मिलीभगत कैसे पहुंच रहे हैं? क्यों जेल के भीतर जैमर नहीं लगाए जाते ताकि अपराधी मोबाइलों का उपयोग न कर सकें? फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल का होना, एक बड़े आपराधिक कृत्य को दशार्ता है। संभव है दुर्दांत अपराधियों के भय से कुछ जेल अधिकारी समर्पण करते हों। यदि ऐसा है तो उन्हें नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ना चाहिए। आगे जांच से पता चलेगा कि बैंकिंग लेन-देन से किस-किस तक ड्रग मनी पहुंची और कौन इसका सूत्रधार था। निस्संदेह, इस आपराधिक कृत्य की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए। यह भी पड़ताल होनी चाहिए कि इन फोन कॉल में से कितनी परिजनों को की गई और कितनी अपराधियों को। निस्संदेह, यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि क्या बैंक से लेन-देन जेल अधिकारियों को रिश्वत देने के लिये किया गया था? या यह धन नशीली दवाओं के भुगतान के लिये किया गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश की नामी जेलों में भी दुर्दांत अपराधियों को पांच सितारा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये जेल अधिकारियों व कर्मचारियों को मोटी रकम चुकाई जाती है। निस्संदेह, यह खतरनाक खेल समाज में मानवीय मूल्यों के पतन की गाथा भी बताता है। दरअसल, फिरोजपुर जेल में जेल अधिकारियों की मिलीभगत से अपराधियों की इन करतूतों का मामला तब प्रकाश में आया था, जब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जेल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल व नशीली दवाओं की तस्करी पर रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने पूछा था कि तीन तस्करों द्वारा अवैध रूप से इस्तेमाल किये गए फोन के जरिये जेल के अंदर से 43 हजार कॉल्स कैसे की गई। अदालत द्वारा इस मामले की जांच के आदेश दिये जाने के बाद पुलिस ने जेल विभाग के 11 अधिकारियों सहित 25 लोगों पर मामला दर्ज किया था। नौ जेल अधिकारियों के अलावा कुछ तस्करों, एक मोबाइल दुकान के मालिक और चाय के दुकानदार समेत 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस जांच में जेल के भीतर से चलाए जा रहे ड्रग तस्करी के रैकेट का भी खुलासा हुआ। दो तस्करों की पत्नियों के खातों में करोड़ों रुपये का लेनदेन होने की बात सामने आई। निश्चित रूप से इन आपराधिक कृत्यों ने इस बात की जरूरत को बताया कि जेल अधिकारियों की कारगुजारी पर निगरानी रखने के लिये एक उच्चस्तरीय अधिकार संपन्न तंत्र विकसित किया जाए। जिसमें राज्य या केंद्र सरकार के उच्च पुलिस अधिकारी ऐसी किन्हीं साजिशों व कानून की अवहेलना की निगरानी रख सकें। इतना ही नहीं जेल अधिकारियों पर निगरानी के लिये नागरिकों के स्तर पर कोई व्यवस्था होनी चाहिए। निस्संदेह, जेल के भीतर से अपराधों का संचालन किसी कानून के राज पर सवालिया निशान की तरह है, जिस पर नियंत्रण बेहद जरूरी है।

# नदियों में नाव डूबने की बार-बार घटनाओं के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उस तरह के हालात और कारणों से बचने के हर उपाय किए जाएं, ताकि वैसा दुबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि नदियों में यात्रियों सहित नाव डूबने की बार-बार घटनाओं और उसके कारणों के साफ होने के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं। गुजरात के वडोदरा में एक झील में नाव पलट जाने से बारह बच्चों और दो शिक्षकों की डूबने से मौत की घटना ने एक बार फिर यही दशार्या है कि लापरवाही कायम है और निर्दोष लोगों की जान जा रही है। वडोदरा के हरणी झील में एक स्कूल के छात्र अपने कुछ शिक्षकों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। जाहिर है, यह सैर-सपाटा और अच्छा वक्त बिताने के लिए आपस में खुशी बांटने का मौका था। मगर इस क्रम में कई स्तर पर जितनी बड़ी लापरवाही बरती गई, उसमें खुशी मनाने का वह मौका एक मातम में बदल गया। गहरे पानी में नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई, जिसमें बारह विद्यार्थी और दो शिक्षक डूब गए। जबकि किसी तरह अठारह छात्रों और दो शिक्षकों को बचा लिया गया। सवाल है कि जिस नाव की कुल क्षमता महज सोलह लोगों की थी, उस पर करीब दोगुनी संख्या में लोगों को बिठा कर गहरे पानी में ले जाने की छूट किस आधार पर मिली हुई थी और इसकी अनदेखी कर ऐसा करने की इजाजत किसने दी थी! जबकि अगर नियम-कायदे के मुताबिक नाव झील में जा रही हो, तब भी हादसे का जोखिम लगातार बना रहता है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नाव में सवार कुल दस बच्चों को ही जीवनरक्षक जैकेट पहनाए गए थे। यह किस आधार पर मान लिया गया कि बाकी को इसकी जरूरत नहीं थी? ऐसी घटनाओं के बाद रस्मअदायगी में उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई आदि की घोषणा की जाती है, वह वडोदरा में हुए हादसे के बाद भी हुई। नाव संचालन से जुड़े एक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल अठारह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मगर अफसोस कि चौदह लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन की ओर से दर्शाई जा रही इस सक्रियता का आधा हिस्सा भी अगर अमल में रहता तो यह हादसा ही न होता। इस तरह का यह कोई पहला हादसा नहीं है। विडंबना है कि किसी भी स्तर पर जोखिम का ध्यान रखना और उसी मुताबिक बचाव के इंतजाम करने को कोई दोयम दर्जे का काम माना जाता है। खबरों के मुताबिक, वडोदरा की झील में हुए हादसे के वक्त स्थानीय लोगों ने कई बच्चों को बचाया। नावों के संचालन को इजाजत देने वाले संबंधित महकमे और उसके अधिकारियों को यह सुनिश्चित कराना जरूरी क्यों नहीं लगा कि नाव पर सवार हर व्यक्ति को जीवनरक्षक जैकेट पहनाया जाए और हर हाल में नाव के साथ-साथ आसपास पर्याप्त संख्या में गोताखोर, बचावकर्मी मौजूद हों, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचा सकें। दरअसल, नाव के डूबने के जो भी कारण सामने आए हैं, उससे साफ है कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है। इसमें न केवल नाव के संचालन से जुड़े लोग, बल्कि उसमें सवार होने वाली संख्या, सुरक्षा उपकरणों के अभाव, बचावकर्मियों की गैरमौजूदगी और जोखिम की आशंका जैसी स्थितियों की जानबूझ कर अनदेखी करने वाले वे अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं, जिनका दायित्व होता है कि नियमों पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित हो।

# "रामराज्य" के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत "मोदी-योगी"

दीपक कुमार त्यागी

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के स्वागत के लिए पावन अयोध्या धाम में दिव्य व भव्य दीपावली मनाने की जबरदस्त तैयारी चल रही है, पूरा देश मोदी-योगी के प्रयासों से राममय होता जा रहा है, मोदी-योगी की जोड़ी अयोध्या में विश्वस्तरीय विकास की नित-नई इबारत लिख रहे हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों से अयोध्या धाम देश व दुनिया में चचाओं में छाया हुआ है। हालांकि जब से उत्तर प्रदेश की धार्मिक व ऐतिहासिक पावन नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के अद्भुत दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तब से ही देश व दुनिया में बहुत बड़े पैमाने पर रामराज्य के बारे में विस्तार से चर्चा होने लगी है। देश व दुनिया के लोग आज भी रामराज्य के साथ प्रभु श्री राम के जीवन के हर पहलू को जानने के लिए बेहद उत्सुक हैं, वह प्रभु श्री राम के राज्य की अच्छाईयां को देख देश में रामराज्य की पूरी कल्पना को धरातल पर बहुत ही तेजी से साकार होते देखना चाहते हैं। वैसे भी देखा जाए तो हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए रामराज्य की अवधारणा केवल शासक के कर्तव्यों का एक उत्कृष्ट मानदंड वाला विचार मात्र नहीं है, बल्कि यह देश व दुनिया में शासन करने की एक ऐसी श्रेष्ठ व्यवस्था है, जिसमें सभी लोगों का जीवन सिद्धांतों से परिपूर्ण धर्म व न्याय संगत होते हुए, सत्य, अहिंसा, श्रेष्ठ विचार, त्याग की भावना, दया, दान, वचन और न्याय आदि पर आधारित होता है। रामराज्य में शासक व प्रजा दोनों ही पक्ष देश व समाज के प्रति अपने-अपने कर्तव्यों का हर हाल में बखूबी से निर्वहन करते हुए जिम्मेदारियों का अक्षरशः पालन करते हैं, तब ही देश में रामराज्य का सपना धरातल पर साकार होता हुआ नजर आ पायेगा। हालांकि देश में अभी यह बहुत दूर की कौड़ी है लेकिन फिर भी आम जनमानस के बड़े वर्ग का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामराज्य की अवधारणा की मजबूत नींव रखने की शुरूआत 22 जनवरी 2024 को अयोध्या से कर रहे हैं, जिसके लिए देश में बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही हैं और पूरा देश राममय हो चला है।



वैसे जब से दुनिया हम सभी के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम में भव्य दिव्य आलौकिक मंदिर बनाता हुआ देख रही है, तब से ही देश का आम जनमानस दिन-प्रतिदिन राममय होते नजर आ रहा है। हालांकि अब चंद दिनों के इंतजार के बाद आम जनमानस 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि की पावन धरा पर प्रभू श्री राम को पूरी दिव्यता के साथ विराजमान होता देखने का कार्य करेगी, उसके चलते ही भारत की जनता इस वक्त 22 जनवरी 2024 की उस राममय पावन घड़ी का इंतजार कर रही है, जब सारी दुनिया के पालनहार प्रभु श्री राम जन्मस्थली पर बने भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद दिव्य आलौकिक स्वरूप में विराजमान होंगे। हालांकि इस ऐतिहासिक घटनाक्रम के चलते ही वर्ष 2024 हमेशा के लिए दुनिया के इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो जायेगा?। वैसे देखा जाए तो सनातन धर्म व संस्कृति को मानने वाले देश व दुनिया के करोड़ों राम भक्तों का जो सपना देश की आजादी के साथ ही पूरा हो जाना चाहिए था, आज वह सपना बहुत सारी बाधाएं हटाने के बाद देश की आजादी के 76 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धरातल पर साकार होता नजर आ रहा है। लेकिन राम मंदिर के निर्माण के इस सपने के साथ ही क्या वास्तव में देश में रामराज्य की स्थापना की अवधारणा धरातल पर साकार होनी शुरू हो पायेगी, यह सवाल अब लोगों के मन में घूमना शुरू हो गया है। क्योंकि देश के आम जनमानस के सामने रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा व सुरक्षा का सवाल दशकों से जस-का-तस खड़ा हुआ है। जिसको पूरा किये बना रामराज्य का सपना साकार होना संभव नहीं है, हालांकि यह सपना सरकार, पूरे सरकारी सिस्टम व आम जनमानस सभी की पूरी ईमानदारी से की गई मेहनत व श्रेष्ठ आचरण के बिना संभव नहीं है। लेकिन फिर भी देश में आम जनमानस के एक बड़े वर्ग को यह संतोष है कि कम से कम देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चलते व उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलते अब तेजी के साथ जनहित के विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन स्तर कुछ बेहतर अवश्य हो रहा है और सबसे अहम बात यह है कि योगी आदित्यनाथ के राज में उत्तर प्रदेश में तो राक्षसी प्रवृत्ति के दुष्ट लोगों का चुन चुन कर दमन हो रहा है, जो कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर अमलीजामा पहनाने की एक बहुत ही अच्छी शुरूआत है। आज देश के बहुत सारे लोगों को लगता है कि मोदी-योगी की जोड़ी के कार्यों से देश विकास व धर्म दोनों के पथ पर तेजी से अग्रसर है और उनके चलते ही अब देश बहुत ही तेजी के साथ राममय होता जा रहा है।

वैसे भी दुनिया में सबसे प्राचीन गौरवशाली सनातन धर्म संस्कृति के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के द्वारा किये गये शासन को बेहद आदर्श शासन के रूप में माना जाता है, इसलिए ही वह काल दुनिया में रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। रामराज्य के शासन काल में लोगों के आचरण मयार्दा लोक व्यवहार जीवनशैली की उत्कृष्टता को देखें तो रामराज्य दुनिया के सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के प्रतीक के तौर आज भी सर्वश्रेष्ठ साबित होता है। जिस राजकुमार का राज तिलक होना था, वह पिता के दिये वचन के चलते ही अगले ही क्षण राज की सुख सुविधाओं का मोह त्याग के 14 वर्ष के लंबे वनवास पर चला गया और पूरा जीवन मर्यादित ढंग से व्यतीत किया। जिसके चलते ही आज लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस दौर में भी लोगों की आस है कि हमारे प्यारे देश में रामराज्य जैसा राज ही हो, सभी देशवासी पीड़ा से मुक्त हों, सभी लोगों का कल्याण हो, कोई भी व्यक्ति दीन, दुखी, दरिद्र ना रहे, देश का प्रत्येक नागरिक शिक्षित, संपन्न, खुशहाल हो और सभी लोग श्रेष्ठ आचरण से युक्त हो, हर एक व्यक्ति दुर्व्यसनों से मुक्त हों। आज लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति की इच्छा है कि प्रत्येक भारतवासी सरकार व सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली से खुश हो। प्रत्येक व्यक्ति को उसका तय मान-सम्मान मिले और कर्म के अनुसार उचित प्रतिफल मिले। लोगों को देश में तेजी से न्याय मिले। न्याय और धर्म की कसौटी पर सरकार, सिस्टम और आम प्रजा के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे। आज देश में ऐसे ही सुशासन वाले रामराज्य को आम जनमानस चाहता है, वैसे भी रामराज्य की अवधारणा का मूल सार है कि देश में हर तरफ खुशहाली, अमन-चैन कायम रहे, लोग आपस में मिलजुलकर रहें, देश में सुराज और सुशासन की पताका हर हाल लहराती रहे, देश तेजी से विकास के पथ पर गतिमान रहे और जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में आये, जनता का कल्याण हो तब ही देश में वास्तव में रामराज्य का सपना साकार होगा और देश पूरी तरह से राममय होकर के विश्वगुरु बनेगा।

# अयोध्या- भारत के शक्ति तत्व की प्राण प्रतिष्ठा

तरुण विजय

अयोध्या की उन गलियों से गुजरते हुए जहां इन आँखों ने नब्बे बयानबे में हिंदू नेताओं की हिंदू पुलिस द्वारा रक्तरंजित कारसेवक संहार देखा था आज भी सिहरन होती है, आँखें विस्फारित हो कर राम शरद कोठारी के चित्र देखती हैं उनके अधरों से निकले जय सिया राम के स्वर सुनायी देते हैं। मैं यहाँ आते ही मणिरामदास छावनी केप्रमुख, राम आंदोलन के महा सेनापति पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी से मिला, आशीर्वाद लिया। वे पहचान गये। रामभद्राचार्य जी, पूज्य जयदेव राम जी, सालासर बालाजी के सिद्धेश्वर महाराज, सर्व कार्य प्रमुख चंपत राय, और संपूर्ण राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के महिमावान प्रमुख संत पूज्य गोविंद गिरि जी महाराज से तो रात्रि साढ़े दस बजे भेंट हुई। रात दिन काम और अविश्राम जीवन। राम जी की शक्ति है।

स्वामी गोविंद गिरि ने ठीक कहा- इस जन्मभूमि को लेने में हिंदुओं को पाँच सौ साल क्यों लगे? क्योंकि हिंदू के मानस में राष्ट्र तथा धर्म का समन्वय नहीं था। शिवाजी के विरूद्ध औरंगजेब के लिये शिव भक्त मिर्जा राजा जय सिंह लड़े, शिवाजी के तेरह सगे संबंधी उनके विरुद्ध मुगल सेना में थे। गत सौ वर्षों में पहली बार विवेकानंद तथा डॉ हेडगेवार ने देश के साथ धर्म का चैतन्य जागृत किया तो राम मंदिर बना। अब काशी और मथुरा सहित अन्य भग्न काराबद्ध आक्रांत मंदिर वापस लिए बिना हिंदू रुकेगा नहीं।

अयोध्या का हर कण हर कोना सज गया है। रातों रात सड़के नयी बन गयीं, दुकानें चौड़ीं हो गयीं, दस दस फीट पीछे कर दीं, आश्रम मठ नये कलेवर नयी सज्जा, नये निर्माण से अलंकृत हो गये, अयोध्या महाराज का महल अयोध्याकालीन महल लगने लगा, राम जन्मभूमि पथ स्वगार्नुकूल भव्यता ले रहा है। सब कुछ स्वप्न वत। चिकोटी काटें तब विश्वास हो। हर कोने चौहारे पर आंध्र से लेकर पंजाब दुर्ग्यआणा मंदिर के मुफ़्त चाय भोजन के 24 घंटा लंगर चल रहे हैं। हजारों स्त्री पुरुष गोद में बच्चे हाथों में कपड़ों कंबल के थैले लिये चले आ रहें हैं। राम लला से मिलने आयें हैं राम लला व्यवस्था करेंगे। जिन लोगों ने, हिंदू तथा मुस्लिम दोनों ने राम जन्मभूमि का सत्य जानते हुये भी अंधा अपशब्दयुक्त विरोध किया उनको हिंदुओं से हाथ जोड़कर क्षमा याचना करनी चाहिए। उन्होंने अपने ही रक्त अपने पूर्वजों अपने देश अपने देवताओं अपनी संस्कृति के प्रवाह से विश्वासघात किया। अब स्मृति -जागृत भारत अपने मन और काया पर आघात नहीं सहेगा। स्मृति हर मनुष्य और राष्ट्र के जीवन हेतु अनिवार्य तत्व है। स्मृति हीन देश या व्यक्ति शून्य होता है, भविष्यविहीन और दिशाहीन। अयोध्या में मंदिर नहीं भारत राष्ट्र की स्मृति के जागरण द्वारा नवीन राष्ट्रीय अभ्युदय के शक्ति स्त्रोत की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

हर काल में हिंदू का राष्ट्र और धर्म के समन्वय से युक्त जागरण कठिन, प्रायः असंभव और जटिल रहा है। ढाई हजार मील दूर अनुल्लेखनीय कस्बे गजनी से एक लुटेरा महमूद प्रभास पाटन आता है, सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर तोड़ता है, इतनी बड़ी संख्या में हिंदू स्त्री पुरुष दास बनाकर ले जाता है कि बगदाद में गुलामों का मूल्य गिर गया, लूट का सामान अलग ले जाता है। मार्ग में सब हिंदू खड़े हुए? सुहेलदेव अपवाद हैं। बाकी ? कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का जय सोमनाथ उपन्यास पढ़ा है? उन्होंने उच्च ब्राह्मण कुलोत्पन्न शिव राशि के चरित्र का उल्लेख किया है जो गजनवी को हिंदू संघ की परमार राजाओं के नेतृत्व में खड़ी सेनाओं से बचाकर सोमनाथ मंदिर के भीतर ले आया था. जीती बाजी हिंदू हार गये। चार सौ वर्ष गोवा पर क्रूर व अमानुषिक अत्याचारों के लिए कुख्यात पुर्तगालियों ने लगातार शासन किया। पणजी में आज भी एक हाथ कातरो खंभ है जहां उन हिन्दुओं के हाथ काटे जाते थे जिनके घर पर तुलसी का पवित्र पौधा पूजित होता था।

उस भयानक काल से गुजर यदि आज हिंदू समाज धर्म और राष्ट्र से जुड़ा दिखता है तो यह आठवाँ आश्चर्य है- हिंदुओं के एक वर्ग या बड़े आचार्यों या हिंदू नामधारी सेकुलरों के हिंदू मंदिर विरोध में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। गजनवी से पुर्तगालियों तक उसका देश से विमुख धर्म से विमुख एक स्वार्थी भाव रहा है जिसे पिछली शताब्दी में लाल बाल पाल, विवेकानन्द, अरविंद, दयानंद , सावरकर ने बदला और डॉ हेडगेवार ने उसे एक सैन्य अनुशासन में ढालने का असाधारण अभूतपूर्व कार्य किया. वरना मंदिर की जगह हिंदू सेकुलर शौचालय बनवा रहे होते।

यह भारत की सुप्त विजिगीशु प्रवृत्ति, काल को परास्त करने वाली जिजीविषा और सामूहिक सांगठनिक शक्ति का ऐसा ऐतिहासिक प्रकटीकरण है जो धरातल पर आदि शंकर के बाद या राजनीतिक स्तर पर राज राज चोल, कृष्णदेवराय, उससे पूर्व विक्रमादित्य, अशोक, के बाद कभी संभव हुआ नहीं। दुर्बल, आत्म विस्मृत, समझौतावादी, यही पिछले सेकुलर युग में हिंदू की पहचान थी। उस छवि के टूटने और नवीन साहसी निर्भीक हिंदू के उदय से जन्मी वेदना भारत शत्रुओं को होना स्वाभाविक ही है। ध्यान रहे राम ने पश्चाताप विहीनरावण युग का अंत किया परावण पर का कभी अपशब्दों से तिरस्कार नहीं किया, उसका सम्मान अंतिम संस्कार किया, उसके भाई विभीषण का राज्यारोहण करवाया, लंका को अयोध्या में सम्मिलित नहीं किया। आज यही मयार्दा पुनरुज्जीवित होती दिखती है। संपूर्ण विश्व में भारत की प्राचीन गौरवशाली धरोहर के प्रति नवीन चैतन्य उभरा है। अनगिनत पुस्तकें भारत की विद्या, महापुरुषों की जीवनियों, प्राचीन नगरों , नदियों, तीर्थों, पर्यटन स्थलों, समुदायों यहाँ तक कि अरुणाचल- मणिपुर- मेघालय में प्राचीन राम कथाओं के पुनःस्मरण- प्रकाशन का रेला दिख रहा है। राम कथा के टेली सीरियल से लेकर राम मंदिर विरोधी नये नये शंकराचार्यों की अपने अपने उद्देश्यों हेतु पादवंदना करते, जातियों के गूढ़ मर्म व अर्थ ढूँढते दिखने लगे हैं। विश्व नवीन आर्थिक व सैन्य शक्ति युक्त भारत की ओर भिन्न एवं सम्मान भाव से देख रहा है। यह अचानक जादू से नहीं हुआ।

स्मृति जागरण पर्व उन अनाम अजान अचीन्हे संस्कृति वीरों महापुरुषों गुरुओं त्यागराज, चैतन्य महाप्रभु, रामानन्दाचार्य, आदि शंकर, गुरु गोविंद सिंह तेग बहादुर, बंदा बहादुर के संचित तप, बलिदानों, साधना, काले पानी की जेल में अनजान रह कर मर खप गये सेनानियों की सामूहिक अभीप्साओं का फल है। आज चन्द्रायण से लेकर मंगल तक की यात्राओं का निर्धारण आस्थावान विश्व विश्रुत भारतीय वैज्ञानिक कर रहे हैं, खेल, चिकित्सा, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, कठिनतम क्षेत्रों को राजमार्गों से जोड़ता भारत, सिंधु सरस्वती सभ्यता के विराटतम आगार के रूप में विश्व के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत करने लगा है।

# निजता, महंगाई एवं सुविधाओं के अभाव से पैदा हुए भंवर में फंसा है भारतीय समुद्री पर्यटन

शिवेश प्रताप

मालदीव एवं लक्षद्वीप का मुद्दा बीते दिनों विश्व चर्चा के केंद्र में आ गया। भारत में भारत के तमाम ख्यातिलब्ध लोग देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के समर्थन में उतर आए हैं जो उचित है। इसी के साथ लोगों में यह विमर्श भी चल पड़ा है की आखिर क्यों भारत को छोड़कर लोग मालदीव या अन्य विदेशी स्थानों पर छुट्टियां मनाने जाते हैं। समाज और सरकार को यह समझने की आवश्यकता है और इसके अनुरूप सुधार की जरुरत है। हम देशभक्ति के कारण कुछ समय के लिए मालदीव को छोड़कर लक्षद्वीप तो आ सकते हैं परंतु समय के साथ पुनः मालदीव हमारे पर्यटकों को आकर्षित कर लेगा।

मालदीव सरकार के 2023 के पर्यटन डाटा के अनुसार पूरी दुनिया से मालदीव जाने वाले लोगों में सबसे अधिक भारतीय हैं जिनकी संख्या 2 लाख से ऊपर है। भारत के 44% लोग हनीमून के लिए उनके देश में जाते हैं। भारत से मालदीव जाने वाले 73 प्रतिशत लोग रोमांटिक छुट्टियों के लिए जाते हैं जबकि मात्र 23 प्रतिशत लोग परिवार के साथ जाते हैं। भारत में रोमांटिक समुद्री छुट्टियों के लिए मुफीद स्थान न होने की वजह से नए जोड़े अथवा पति-पत्नी मालदीव जाते हैं। मालदीव सरकार की डाटा के अनुसार मालदीव जाने वाला हर व्यक्ति वहां औसतन 80 हजार से 4 लाख रुपए खर्च करता है। प्रश्न यह भी है की भारत में पर्यटक इतना क्यों नहीं खर्च कर पाता? जबकि यही भारत के लोग मालदीव, थाईलैंड या वियतनाम जैसे देशों में भी घूमने क्यों जाते हैं। हमारे पास गोवा, अंडमान और लक्षद्वीप जैसे अद्वितीय पर्यटन स्थल हैं परंतु विश्व के पर्यटक तो दूर हम अपने देसी पर्यटकों को भी वहां आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं, आइये इन बिंदुओं की पड़ताल करते हैं। भारत में पर्यटन को तीन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, पहला इंफ्रास्ट्रक्चर दूसरा महंगाई और तीसरा सामाजिक व्यवहार। भारत के तटीय क्षेत्रों तथा द्वीपों में भारत सरकार के द्वारा उचित इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास नहीं किया गया है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि अंडमान निकोबार एवं लक्षद्वीप में तेज इंटरनेट की उपलब्धता मोदी सरकार के शासनकाल में सुनिचित हो रही है। भारत सरकार के पर्यावरण संबंधी अत्यंत कठोर मानकों के चलते भी भारत में जलीय पर्यटन की संभावनाएं लगभग नग्न हो जाती है या अवैध रूप से संचालित होती हैं। समुद्री पर्यटन के विकास के लिए मोदी सरकार की सागरमाला परियोजना के द्वारा पहली बार गति मिलना सुनिश्चित होगा। उच्च गुणवत्ता के सड़कों का अभाव भारत के तटीय इलाकों में लोगों की पहुंच को कठिन बना देते हैं। अंडमान निकोबार तथा लक्षद्वीप तक जाने वाले वायुसेवाओं की कीमत आसमान छूती है और उससे कम दाम में आप विदेश में जा सकते हैं। सरकार को ऐसी जटिल स्थितियों में हस्तक्षेप करते हुए ऐसे पर्यटन क्षेत्र तक उचित किराए पर आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार को अपने तमाम द्वीपों को अलग-अलग थीम पर विकसित करना चाहिए। सरकार, लक्षद्वीप के कई द्वीपों को थीम आधारित सुविधाओं जैसे हनीमून डेस्टिनेशन, फैमिली डेस्टिनेशन, किड्स थीम आधारित पर्यटन पर विकसित कर सकती है। जिससे नव दम्पति, प्रौढ़ एवं बच्चों से सम्बंधित पर्यटन को अलग अलग बढ़ावा मिले। द्वीपों का आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा लॉजिस्टिक्स मजबूत करना चाहिए। ऐसा करने से द्वीपों पर संसाधनों की कीमत में कमी आएगी साथ ही लोगों के आवागमन में भी सुलभता होगी। भारत के समुद्री बीच कचरे और गन्दगी से भरे होते हैं। भारत सरकार को मालदीव के कचरा प्रबंधन मानकों से प्रेरणा लेते हुए अपशिष्ट प्रबंधन के उच्च मानक गोवा, अंडमान एवं लक्षद्वीप में सुनिश्चित करना चाहिए। हमारे द्वीपों पर कचरा प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति तथा शौचालयों के निर्माण में एक क्रांति सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत में नीति निमार्ता समुद्री पर्यटन को विलासिता के उच्चतम मानदंडों पर रखकर देखते हैं। ऐसे पर्यटन आधारित क्षेत्रों में सरकार द्वारा होटल या मनोरंजन व्यवसाय को किसी रियायत पर जमीन उपलब्ध नहीं कराई जाती है जैसे शिक्षा संस्थानों या अस्पतालों आदि के लिए रियायत उपलब्ध होती है इसके फलस्वरूप द्वीपों तथा तटीय क्षेत्र में होटल बहुत महंगे दामों पर उपलब्ध हो पाते हैं। महंगाई का दूसरा कारण यह भी है कि ऐसे तटीय पर्यटन क्षेत्र तथा द्वीप समूहों पर सरकार द्वारा होटल एवं सामाजिक गतिविधियों वाले जरूरी एवं व्यापारिक नियम कानून के अभाव में अधिकतर संचालकों द्वारा होटल या अन्य मनोरंजक गतिविधियों को अवैध रूप से संचालित करना पड़ता है और भ्रष्टाचार के कारण ऐसी सुविधाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती है। यदि सरकार लक्षित रूप से तटीय क्षेत्र एवं अपने द्वीपों पर जमीनों को होटल एवं अन्य सामाजिक/ व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रियायती दामों पर उपलब्ध कराए तो इससे निवेशकों को सुरक्षा भी मिलेगी साथ ही लोगों को उचित दामों पर अच्छे होटल या सुविधाएं मिल पाएंगी। मैंने स्वयं कई देशों की यात्रा अनुभव में पाया कि भारत की अपेक्षा अन्य पर्यटन आधारित देश में कमरों की गुणवत्ता एवं होटल में सुविधा बहुत अच्छे होते हैं। सरकार में बैठे नीति नियंताओं को पर्यटन को एक औद्योगिक गतिविधि के रूप में देखना चाहिए ना की विलासिता की दृष्टिकोण से। जिस प्रकार से आज के समय में विशेष आर्थिक क्षेत्र के द्वारा तमाम औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है उसी प्रकार से पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देना चाहिए। मालदीव जाना लोग पसंद करते हैं क्योंकि मालदीप एक पर्यटक मित्र देश है, पर्यटन मित्र का अर्थ है निजता, सुरक्षा एवं सामाजिक सहयोग। एक मुस्लिम आबादी प्रधान देश होने के बावजूद मालदीव अपने द्वीपों तथा बीच पर यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को

## (कविता)

### हमारे राम !

राम
बस ! स्वयं में परिपूर्ण
राम
भाषा, परिभाषा से मुक्त
राम
अनंत और असीम
राम
समर्पण, त्याग और पराक्रम
राम
यत्र -तत्र और सर्वत्र
राम
कण-कण में जन-जन में
राम
व्यक्त और अव्यक्त
राम
संस्कृति और संस्कार
राम
भक्ति-भाव और शक्ति
राम
ओम और व्योम
राम
शस्त्र और शास्त्र
राम
विज्ञान और विमर्श
राम
अयोध्या और सरयू
राम
सत्य और सनातन
राम
सत्यम-शिवम-सुंदरम

!!समाप्त!!



# दखल संगठन की ओर से महिला हिंसा के मामलों में बीते साल 2023 को कटघरे में खड़ा किया

## खिड़किया घाट पर पिछले साल के महिला अपराधों पर जनसभा करके उठाए गए सवाल



प्रखर वाराणसी। महिला हिंसा के खिलाफ दखल शीर्षक से बीते वर्ष 2023 में महिला उत्पीड़न और अपराध के आंकड़ों पर खिड़किया घाट पर सभा किया। कार्यक्रम की सभा का उद्देश्य बताते हुए दीक्षा ने कहा कि देश राज्य और जिले में बढ़ती महिला हिंसा के आंकड़ों पर चर्चा करके हम महिला मुद्दों पर जनजागरूकता लाना चाहते हैं। साथ ही 2024 के इस नए साल में बुराइयों पर रोक लगे। इसके लिए शासन प्रशासन में बैठे जिम्म्मेदार लोगों से अपील करना है। हम सब आजादी से मिलजुलकर खुशी से रहें इस बहनापे के लिए एकजुट होने के लिए संकल्पबद्ध होना है। दखल संगठन को रैनी ने कहा की राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़े डरावने हैं। वाराणसी कमिश्नरेट में 18 साल से कम उम्र के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं। बीते साल 2023 में 91 बच्चों-बच्चियों के साथ यौन हिंसा दर्ज हुई सोचिए हर चौथे दिन एक नाबालिग यौन हिंसा के शिकार हुआ है । आठ बच्चों की नृशंस हत्या हुई है। 18 वर्ष से कम आयु के 46 नबालिकों के साथ दुष्कर्म हुआ। 41 नाबालिको के साथ छेड़खानी हुई। वाराणसी की 485 महिलाओं ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए। मैत्री ने बताया कि औसतन हर छठे दिन के दर से कुल 61 मुकदमे महिला दुष्कर्म केस दर्ज हुआ। और छेड़खानी के 113 मामले लड़कियों की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है । ये आंकड़े वो है जो पुलिस फाइल तक केस रूप में दर्ज हुए। असल मे अपराध को गिनने और दर्ज करने जाएं तो जीरो बढ़ते रहेंगे और हम सबको अपने शहर राज्य को सभ्य कहने के जगह पर जंगल कहना पड़ेगा। इन आंकड़ों को सुनकर खिड़किया घाट पर घूम फिर रहे लोग ध्यान से बातों को सुनने लगे। बनारस की लड़कियां हिम्मत से बोलती रही। बीते साल में महिला अपराध के केस राष्ट्रीय खबर बनते रहे। बिलकिस बानो के गैंग रेपिस्टों को जेल से छोड़ दिया गया। गाजे बाजे के साथ बलात्कारियों का स्वागत हुआ। मणिपुर में हजारों की भीड़ ने महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया, परिजनों के सामने बलात्कार किया। ओलंपिक मेडल जीतने वाली महिला कुश्ती खिलाड़ी यौन शोषण का आरोप लगाकर महीनों आंदोलनरत रहीं। बनारस में 4 साल की मासूम मुसहर बच्ची का काशी स्टेशन पर बलात्कार करके हत्या कर दी गयी। तो दूसरी ओर आईआईटी बीएचयू में पढ़ रही छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना हुई। और तो और आईआईटी गैंगरेप के आरोपी तो बीजेपी के पदाधिकारी भी निकले। पीएम सीएम सहित भाजपा के बड़े नेताओं के साथ उनकी तस्वीर वायरल हुई। इन सब समयों पर पुलिस प्रशासन और सरकार से जो मदद की उम्मीद थी वो नाकाम हुई।

आरोही ने 2024 में महिला हिंसा की क्या यही स्तिथि/परिस्थिति होगी ? क्या ऐसे ही हिंसा के आंकड़े को बढ़ते जनता चुप रहकर हाथ पर हाथ धरे देखती रहेगी? इन सब सवालों के साथ दखल संगठन ने अपनी आवाज को बुलन्द करते हुए न्याय में देरी अन्याय है और चुप नहीं रहना है, हिंसा नहीं सहना है का आवाह्न किया। प्रेरणा कला मंच के रंगकर्मियों द्वारा गड्ढा नाटक का मंचन किया और ने नारीवादी गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन शिवांगी ने किया। कार्यक्रम में नीति, डॉ इंदु, अनन्या, दीक्षा, शिवांगी, रैनी, मैत्री, अनुज, अश्विनी, साहिल, शना, आसना, पीहू, आरोही, जया, सपना, शबनम, नन्दलाल मास्टर, धनंजय, धीरज, सरिता, रेनू, प्रियंका, श्वेता आदि मौजूद रहे।

## आयोजित किया गया राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन समारोह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी से प्रारंभ राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन समारोह केंद्र कार्यालय पर आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सरोज कुमार राय प्रख्यात समाजसेवी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरुष थे। उनका भारत में जन्म होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को विश्व पटल पर प्रतिस्थापित किया। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व युगों युगों तक भारत को शक्ति प्रदान करता रहेगा। उन्होंने युवाओं को स्वामी जी के पद चिन्हों पर चलने की अपील किया। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक कपिल देव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश को आगे ले जाने के तमाम विचार आज भी प्रासंगिक है, उनमें से उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। इस एक विचार का अनुसरण आज का युवा कर ले तो उसके व्यक्तिगत जीवन में बदलाव तो आएगा ही साथ ही साथ देश को आगे ले जाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस अवसर पर एनवाईवी सुबोध कनौजिया, खुशबू वर्मा, राजीव, प्रियंका, अमित, हर्षवर्धन, अंगद, पूनम, चंदन पटेल, राबिन राव, ललन प्रसाद आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद ने किया। सभी के प्रति रामाधार यादव खेल प्रशिक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सिविल बार एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

प्रखर ब्यूरो मुहम्मदाबाद यूसुफपुर/ गाजीपुर। क्षेत्र के स्थानीय दीवानी न्यायालय परिसर में सिविल बार एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारीयों का आज शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन स्थानीय दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया था। आयोजन में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने सर्वप्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा पर मंत्र उच्चारण के बीच माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात शपथ ग्रहण समारोह आरंभ हुआ। उपस्थित अधिवक्ताओं ने सभी का स्वागत किया। आए हुए अतिथियों को माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विगत दिनों हुए चुनाव में विजेता पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई गई। विजेता पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुनाथ राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार कसेरा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट अश्वनी कुमार राय, सह सचिव एडवोकेट संजय कुमार राय, कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश सिंह यादव ने शपथ ग्रहण किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि अपर जिला न्यायाधीश चंद्र प्रकाश तिवारी व मुख्य दंडाधिकारी स्वप्न आनंद उपस्थित रहे। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ एडवोकेट वीरेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन सत्येंद्र राय ने किया। अंत में सभा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया।



## 22 जनवरी को खुलेगी रवि सिंचाई हेतु जरगो की नहरें

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। किसान कल्याण समिति जरगों कमाण्ड की रवि सिंचाई हेतु समिति के वरिष्ठ नेता रामचंद्र सिंह के अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुआ, कार्यक्रम संचालक महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल ने सर्वप्रथम सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ किया। उक्त वैठक मे नहरों के संचालन के संदर्भ में निर्णय हुआ कि 22 जनवरी को रवि की मुख्य फसल गेहू के सिंचाई हेतु 8 दिन 29 जनवरी तक जरगो प्रणाली कि नहरे चलाइ जायेगी,



इसके अतिरिक्त अहरौरा और जरगो कमाण्ड के सुनिश्चित सिंचाई हेतु नरायनपुर पम्प कैनाल के 120 क्यूसेक के 14 पम्पों को 150 क्यूसेक क्षमता करके उच्चीकरण की कार्रवाई लगभग पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया गया और इस उद्देश्य की पूर्णता के लिए उपरोक्त नरायनपुर पम्प कैनाल के पानी को गरई नदी मे जल्द से जल्द लाने और फिर गरई नदी से उठाकर हुसैनपुर वियर में पहुँचाने हेतु आग्रह किया गया और इस हेतु किसान कल्याण समिति जरगो कमाण्ड का एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित उच्चाधिकारियों और अभियंताओं से मिलने की भी योजना बनाइ गयी, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार अजीतसिंह कंचन सिंह प्यारे लाल मौर्या अन्दीप सिंह अजय सिंह रमाशंकर सिंह संदीप सिंह चिरंजीव सिंह सेवा राम सिंह त्रिभुवन सिंह रामनाथ सिंह गुलाब सिंह अनिल सिंह अशोक सिंह राम सकल मौर्या सहित तमाम हेड और टेल के किसान उपस्थित रहे।

## जबलपुर में तैनात सेना के हेड कांस्टेबल शिवाशंकर पासवान का शव आते गांव में छाया मातम



प्रखर ब्यूरो भांवरकोल/ गाजीपुर। क्षेत्र के शेरपुर कला गांव निवासी एवं सेना के सिग्नल कोर में जबलपुर में तैनात सेना के हेड कांस्टेबल शिवाशंकर पासवान का शव आते गांव में मातम छा गया। उसका अंतिम संस्कार शेरपुर गंगा घाट पर किया गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सभी ने नम आंखों से सैनिक को श्रद्धांजलि दी। शव के साथ आए सैनिकों ने उसे सलामी दी। शव के साथ आए नायब सूबेदार बिष्णु कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि तैनाती के दौरान पिछले पांच दिन पूर्व शिवाशंकर की तबीयत बिगड़ने पर उसे सैनिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां कल सुबह उसने दम तोड़ दिया। शेरपुर कला गांव के पारस पासवान के कुल चार पुत्रों में वह दूसरे नंबर पर था। उसके दो अन्य भाई भी सेना में ही तैनात हैं। शिवाशंकर बर्ष 1990 में सेना के सिग्नल कोर में भर्ती हुआ था। उसकी पत्नी सुमन देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। सैनिक का अंतिम संस्कार शेरपुर स्थित गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि उसके पिता पारस पासवान ने दी। शव यात्रा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधी जयानंन्द राय मोनू, अवधकिशोर राय, ओमप्रकाश राय मुन्ना, चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 20 जनवरी को प्रस्तावित टोल प्लाजा के खिलाफ धरना देने के बजाय किसानों ने बैठक कर 26 जनवरी को ट्रैक्टर यात्रा निकालने का किया ऐलान

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा पूर्व सूचना के अनुसार वनस्थली महाविद्यालय के पास वाराणसी शक्तिनगर मार्ग SH5A पर लगे अस्थाई टोल प्लाजा को हटाने को लेकर बैठक की गई क्यों कि पुर्व मे 43 दिन से धरना दे रहे किसानों के बीच एडीएम वित्त शिवप्रताप शुक्ला जी, एडिशनल एसपी ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी मड़िहान, तहसीलदार, थाना प्रभारी, 27/12/2023 को उपस्थित रहे और उन्होने कहा कि 13 जनवरी तक धरना स्थगित कर दीजिए बीच में सक्षम अधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपसा से वार्ता कराकर समाधान निकाला जायेगा तब किसानों ने कहा की 19 जनवरी तक समाधान नहीं होने पर 20 जनवरी से धरना शुरू हो जायेगा जिस पर आम सहमति बनी और लिखित समझौता हुआ। समस्या का समाधान नहीं होता देख किसानों की धरना स्थल पर ही बैठक हुई जिसमें उप जिलाधिकारी चुनार चंद्रभानु सिंह उपस्थित रहे जिसमें किसानों ने पूछा कि हम लोग क्या करें क्यों कीअभी तक समाधान नहीं हुआ जिस पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि डीएम मिजार्पुर से मिलकर जल्द बैठक करवाते हैं और समाधान निकाला जायेगा, जिस पर किसानों ने कहा कि 26 जनवरी 2024 को ट्रैक्टर मार्च अदलहाट से अहरौरा टोल प्लाजा तक निकाला जायेगा। जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे प्रहलाद सिंह प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता मंच के संयोजक, धर्मेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी, अमरनाथ पूर्व प्रधान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ए०आर०टी० सेन्टर पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में कैंप लगा

प्रखर वाराणसी। राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, लखनऊ के पत्र सं० MS/GIPA/Social protection Scheme camp fy 2023-24/1932 दिनांक 30.12.2023 के कम में आज दिनांक 18-19 जनवरी, 2024 को एच०आई०वी० संक्रमित लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलायें जाने हेतु पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज, जिला विधिक प्राधिकरण वाराणसी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, महिला अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बाल विकास अधिकारी, वाराणसी, जिला क्षय रोग अधिकारी, वाराणसी, वन स्टाप सेन्टर वूमेन, वाराणसी से अधिकारी एवं अन्य एन०जी०ओ / संस्थाओं (विहान/सुभिक्षा/सीएससी/अहाना / समाकान्त फाउण्डेशन / मानव गौरव) से स्टाफ / कोआर्डिनेटर तथा ए०आर०टी० सेन्टर के समस्त चिकित्साधिकारी / कर्मचारी व मरीज उपस्थित थे। कार्यकम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के अपर जिला जज एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम डा० प्रीति अग्रवाल एस०एम०ओ० ए०आर०टी० सेन्टर के द्वारा एच०आई०वी० के सक्रमण का कारण एवं उसके बचाव के तरीके को बताया। अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के द्वारा एच०आई०वी० एक्ट 2017 के बारे में बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस एक्ट के अनुसार यदि मरीजों के साथ कोई भेदभाव करता है. और किसी भी प्रकार की सरकारी योजनाओं से कोई वचित करता है, तो उक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही किये जाने का प्राविधान है। वन स्टाप सेन्टर, वाराणसी के अधिकारी के द्वारा महिलाओं के घर वालों के द्वारा यदि कोई भेदभाव किया जाता है या कोई परिवार के सदस्यों के द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, तो यह महिला वन स्टाप सेन्टर में अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकती और उस व्यक्ति पर आवश्यक कानूनी एवं विधिक कार्यवाही वन स्टाप सेन्टर के द्वारा की जाती है।



नोडल अधिकारी, ए०आर०टी० सेन्टर के द्वारा मरीजों को ए०आर०टी० सेन्टर पर पंजीकृत होने के बाद इनको क्या-क्या सुविधायें ए०आर०टी० सेन्टर के द्वारा दी जाती है, के बारे में विस्तार से बताया गया। ए०आर०टी० सेन्टर पर मरीजों को क्या-क्या लाम है, उनके बारे में बताया। चिकित्सालय में पाजिटिव महिला की डिलेवरी एवं पाजिटिव मरीजों की सर्जरी करने पर चर्चा की गयी। यूनिवर्सल प्रिकाशन के किट प्राप्त होने के उपरान्त पीईपी को फालो करते हुए डिलेवरी/ सर्जरी की जा सकती है। जिला क्षय रोग अधिकारी, वाराणसी के द्वारा एच०आईवी० टी०बी० के ग्रसित मरीजों को प्रतिमाह दिये जाने वाली प्रोत्साहन राशि एवं उनका आनलाईन समय से ट्रांसफर होने के बारे में बताया। उनके द्वारा अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। किस प्रकार अन्य सरकारी योजनाओं का फार्म भरके उसे कहा पर जमा करना है, और किस प्रकार उसका लाभ लेना है, के बारे में बताया गया। डा० दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा एच०आई०वी० एड्स से पाजिटिव पाये जाने पर व्यक्ति को तुस्त ए०आर०टी० सेन्टर से लिंक होने और जल्दी से जल्दी अपनी दवा प्रारम्भ करने और समय से दवा खाने पर जोर देते हुए विचार व्यक्त किया गया। पाजिटिव स्पीकर में श्रीमती संगीता चौहान के द्वारा वर्ष 2006 से एच०आई०वी० से ग्रसित होने के पश्चात किस प्रकार से निरन्तर दवा ली और अपना जीवन यापन कर रही है, के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। डा० एस०के० सिंह, एम०ओ० ए०आर०टी० सेन्टर के द्वारा एच०आई०वी० की दवा एवं मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी के बारे में अपनी अभिव्यक्ति प्रकट की।कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में मरीजों को बताया गया और किस प्रकार से उनका पंजीकरण कराना है, के बारे में बताया गया। अलग-अलग मरीजों का स्टाल लगाकर मरीजों का पंजीकरण भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुस्मिता तिवारी एवं पैरालिगल शांता प्रसाद विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में पी०एल०एच०आई०वी० मरीज के साथ-साथ ए०आर०टी० के कर्मचारी अर्चना उपाध्याय, अनिता गौड व मयंक चौबे, राजेश कुमार, अमिताभ मिश्रा, राघवेन्द्र सोनकर, अजीत कुमार, प्रमिला मौया, नौशाद अली, डा० राजेश मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही आई०सी०टी०सी० सेन्टर/ओ०एस०टी० सेन्टर / केयर सपोर्ट सेन्टर के समस्त कर्मचारियों ने सहभागिता की भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्मेंट के वार्षिक अधिवेशन चुनाव हेतु की गई बैठक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्मेंट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा गाजीपुर का आज समस्त खण्डों में दिनांक 24 जनवरी 2024 को वार्षिक अधिवेशन चुनाव हेतु बैठक किया गया। बैठक में चुनाव की तैयारी हेतु सभी सदस्यों को अवगत कराया गया एवं यह भी अवगत कराया गया कि अधिवेशन चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष कृतार्थ सिंह, प्रांतीय महामंत्री गोवर्धन सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री राजेश सिंह पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित हो रहे हैं। चुनाव कार्यक्रम नलकूप मंडल गाजीपुर सिंचाई विभाग चौराहे पर होना तय हुआ है, जिसमें सभी सदस्यो का प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### अरुण कुमार श्रीवास्तव को सपा जिला उपाध्यक्ष नामित होने पर माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया सम्मानित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 20 जनवरी को सिविल बार संघ गाजीपुर के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होने आये विधानपरिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने अरुण कुमार श्रीवास्तव को समाजवादी पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नामित होने पर खुशी का इजहार करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर गाजीपुर में माल्यार्पण कर एवं अंगम वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित करने के लिए जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशुतोष सिन्हा जी के प्रतिनिधि पप्पू लाल श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य आलोक कुमार व रणजीत यादव, पुर्व डिप्टी चेयरमैन छन्नू यादव, विनय कुमार यादव, रामनिवास यादव, कलेक्ट्रेट बार संघ के पूर्व महासचिव गोपाल यादव, मनोज सिंह एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शिव मंदिर की हुई सफाई



प्रखर थानागद्दी जौनपुर। व्यापार मंडल अध्यक्ष थानागद्दी बीरबल गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार के सुबह बाजार के पूर्वी छोर पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बाजारवासियों के साथ साफ सफाई किये। व्यापार मंडल अध्यक्ष बीरबल गुप्ता ने कहाँ कि मंदिर से लेकर अपने घरों व गलियों तक साफ सफाई करना अति आवश्यक हैं ताकि लोग स्वस्थ्य वातावरण में खुशहाल जीवन जीवन जी सके। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के विराजमान होने उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी के द्वारा कहने पर पुरे देश में मंदिर कि साफ सफाई कर द्वीप प्रज्वलित किये जायेंगे। मंडल अध्यक्ष के साथ में सफाई करने वालो मेंपवन सेठ, रवि सेठ, अंकित सेठ, विनोद जायसवाल,सत्यम सोनकर, रोशन, संदीप रहें।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस का शुभारंभ




प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर विकासखंड अंतर्गत कटारी कैथोर ग्राम पंचायत में वात्सल्य संस्था एवं लोक चेतना समिति के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस अभियान जागरूकता शुरू किया गया जिसका पहला दिन का विषय जीवन कौशल डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल ट्रेनिंग था जिसमें कहानी के द्वारा उनके नेतृत्व तथा उनके महत्व को बताया गया तथा नेता के क्या लक्षण होते हैं तथा जीवन कौशल क्या है डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल कौशल के द्वारा उनके नेतृत्व को कैसे आगे बढ़ाया जाए उसे पर समझ बनाते हुए प्रति प्रतिभागियों को उनके विचार को सुना गया तथा उन्हें आत्म मंथन तथा स्वयं का मूल्यांकन का समय दिया गया उसके बाद उनसे फीडबैक निकलवाया गया कार्यक्रम में 70 किशोरी युवा महिला पुरुषों ने भागीदारी किया।

### अयोध्या का उत्सव का उमंग गावो में दिखने लगा

पिंडरा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व होने वाले पूजन व उत्सव की धूम गावो में भी दिखने लगी है। कही शोभायात्रा निकाली गई तो कही साफ सफाई का अभियान चला। वही क्षेत्र में तीन स्थानों पर उसी दिन राम व हनुमानजी मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम रखे गए हैं। फूलपुर स्थित अनमोल पाली क्लिनिक द्वारा दो दिनों तक 21 व 22 जनवरी को निशुल्क ओपीडी व जांच व अल्ट्रासाउंड कराने की घोषणा के साथ शनिवार को शोभायात्रा के साथ पर्ची बांटी गई। शोभायात्रा फूलपुर (करखियाव) से होते हुए फूलपुर थाना गेट तक गाजे बाजे व डीजे के साथ गई। इस दौरान रामभक्तों में उत्साह दिखा। इस दौरान डॉ रंगनाथ दुबे, डॉ संगीता दुबे, प्रदीप उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, ओम दीक्षित, शिव कुमार सिंह, हेमंत कुमार, चंद्रकला, अनुराधा व पुनीता देवी समेत सैकड़ो लोग रहे। वही दूसरी तरफ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्र के सिंधोरा में राम मंदिर में श्रीराम के मूर्ति की प्रतिष्ठा होगी। वही मंगारी श्री लक्ष्मीनारायण व तहसील परिसर में हनुमानजी की मूर्ति स्थापित करने के पूर्व अनुष्ठान भी शुरू हो गए है। वही पिंडरा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर व फूलपुर स्थित शव मन्दिर व हनुमान मन्दिर पर अखंड रामायण पाठ के साथ भव्य सजावट की जा रही है। 22 जनवरी को क्षेत्र के सभी गांवों के प्रमुख मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है।




## मूर्ति को स्टैच्यू ऑफ सोशल जस्टिस दिया गया नाम....



206 फीट की ऊंचाई

404 करोड़ हुए खर्च

# दुनिया की सबसे ऊंची अम्बेडकर की प्रतिमा का विजयवाड़ा में अनावरण



● विजयवाड़ा, (आंध्रप्रदेश)

विजयवाड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति का अनावरण किया गया। इसकी ऊंचाई जमीन से 206 फीट है। इस मूर्ति को स्टैच्यू ऑफ सोशल जस्टिस नाम दिया है। यह दुनिया की टॉप 50 ऊंची मूर्तियों की लिस्ट में शामिल होगी। इससे पूर्व तेलंगाना में स्थित अंबेडकर की 175 फीट ऊंची मूर्ति थी। आंध्र के सीएम जगन मोहन रेड्डी ने मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- विजयवाड़ा में हमारी सरकार द्वारा बनाया अंबेडकर का 206 फीट का महाशिल्पम न केवल राज्य बल्कि देश का भी एक प्रतीक है।

### इन बातों ने प्रतिमा को बनाया खास

- अंबेडकर प्रतिमा की कुल ऊंचाई 206 फिट है।
- प्रतिमा का निर्माण पूरी तरह से मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत किया गया है।
- प्रतिमा में 81 फीट की मंच है जिस पर 125 फीट ऊंची प्रतिमा खड़ी है।
- यह प्रतिमा 18.81 एकड़ भूमि पर फैली है।
- इस प्रतिमा को बनाने में 404.35 करोड़ का खर्च आया है।
- इस प्रतिमा को बनाने में करीब करीब 400 टन स्टील का इस्तेमाल हुआ है।
- यहां पर म्यूजिकल वॉटर फाउंटेन भी लगाया गया है।
- मूर्ति के परिसर में अंबेडकर के जीवन को दिखाने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, यहां पर 2000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक केंद्र है।
- 8000 वर्ग फीट का एक फूड कोर्ट भी बनाया गया है और बच्चों के खेलने का एरिया भी बनाया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने केरल सरकार पर साधा निशाना

● भोपाल/ तिरुवनंतपुरम



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को केरल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केरल में लेफ्ट और कांग्रेस वैसे दो पार्टियां हैं लेकिन क्राईम, करप्शन और कमीशन दोनों साथ मिलकर करते हैं। केरल में कुश्ती और दिल्ली में दोस्ती इनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है। यूडीएफ की सरकार आती है तो सोलर घोटाले जैसे अनेकों घोटाले सामने आते हैं। एलडीएफ की सरकार आती है तो गोल्ड की तस्करी में लिप्त होती है। करप्शन के मामले में चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। दोनों सरकारें लोकतंत्र को कुचलने का काम करती हैं।

एक तरफ कांग्रेस राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का बहिष्कार कर रही है। वहीं दूसरी तरफ एलडीएफ की सरकार सबरीमला में आव्यवस्था की जिम्मेदार है। दोनों मिलकर केरल को लूटने का काम कर रहे हैं। सीएम पर जनता कैसे भरोसा करें जिसका सीएमओ तस्करी में लिप्त हो। अभी-अभी तो जो घोटाला सामने आया है वह आश्चर्यचकित कर देता है। मुख्यमंत्री अपने परिवार को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अपनी बेटी की कंपनी को पीछे से लाभ पहुंचा रहे हैं। लोस चुनाव में जनता एलडीएफ, यूडीएफ दोनों को सबक सिखाएगी। केरल में भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में भारी सफलता प्राप्त करेगी। एक तरफ कांग्रेस राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का बहिष्कार कर रही है। वहीं दूसरी तरफ एलडीएफ की सरकार सबरीमला में अव्यवस्था की जिम्मेदार है।

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने केरल के नालंबलम मंदिर समूह में भगवान राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न के यहां स्थित श्री राम मंदिर, लक्ष्मण स्वामी मंदिर, भरत स्वामी मंदिर और शत्रुघ्न स्वामी मंदिर में पूजन एवं दर्शन किए । 3.5 किमी की परिधि में रामपुरम पंचायत में स्थित ये चारों मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। केरल की प्राचीन भूमि में आज भी वह दिव्य चेतना स्पंदित तथा अक्षुण्ण है, जो प्रभु श्रीराम के स्पर्श तथा दर्शन से प्रस्फुटित हुई थी।

# न्याय यात्रा के पांचवें दिन बोले राहुल गांधी असम पर दिल्ली से शासन नहीं होना चाहिए



### भाजपा चाहती है आदिवासी जंगलों में ही रहें...

लखीमपुर, (असम), कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि भाजपा चाहती है कि आदिवासी जंगलों में रहें। वे नहीं चाहते कि आपके बच्चे ज्ञान हासिल करें। हम चाहते हैं कि जो आपका है वह आपको वापस मिले। ये विचारधारा की लड़ाई है। बीजेपी ने मणिपुर को जला दिया, लेकिन पीएम ने कभी राज्य का दौरा नहीं किया।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य में पहुंचने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा भारत के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा कहना है कि असम को दिल्ली से नहीं चलाया जाएगा, इसे यहां असम से चलाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपका (असम) मुख्यमंत्री देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है। ये (असम सीएम) भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार करना सिखा सकते हैं। राहुल ने कहा कि भाजपा चाहती है कि आदिवासी जंगलों में रहें। वे नहीं चाहते कि आपके बच्चे ज्ञान हासिल करें। हम चाहते हैं कि जो आपका है वह आपको वापस मिले। ये विचारधारा की लड़ाई है। बीजेपी ने मणिपुर को जला दिया, लेकिन पीएम ने कभी राज्य का दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने नागालैंड में किए वादे पूरे नहीं किए।

असम के मुख्यमंत्री भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' नॉर्थ ईस्ट से निकाली गई। क्योंकि यहां की संस्कृति और भाषा की रक्षा करना हिंदुस्तान के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है।

### विमान सी-295 पहली बार फ्लाईपास्ट में लेगा हिस्सा

**नई दिल्ली**। वायु सेना का सी-295 मालवाहक विमान पहली बार गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर अपने जौहर दिखायेगा। वायु सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि देश में ही बनाया जाने वाला सी-295 मालवाहक विमान गणतंत्र दिवस पर होने वाले फ्लाइपास्ट में पहली बार हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि परेड में तीनों सेनाओं की महिला अग्निवीरों को दस्ता भी शामिल होगा जिसमें वायु सेना की 48 महिला अग्निवीर शामिल होंगी। वायु सेना के दस्ते का नेतृत्व स्क्वैड्रन लीडर रश्मि ठाकुर करेंगी। उनके साथ स्कवैड्रन लीडर सुमिता यादव , प्रतिति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी।

### फेसबुक में हुआ प्यार तो आशिक के घर जमाया डेरा

**जौनपुर**। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती प्यार में बदली तो बांग्लादेश की फातिमा अपने प्रेमी के घर जौनपुर पहुंच गईं मगर प्रेमिका के घर पहुंचने की भनक लगते ही प्रेमी युवक घर छोड़कर भाग निकला। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिले में मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गरियांव गांव निवासी अशफाक अहमद दुबई में नौकरी करता था। फातिमा ने पुलिस को बताया कि उसकी दोस्ती अशफाक से फेसबुक पर हुई। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई और उसने अशफाक से दुबई में निकाह कर लिया। निकाह करने के कुछ दिन बाद अशफाक भारत लौट आया।

### आज का इतिहास

- 1817: कलकत्ता हिन्दू कॉलेज की स्थापना हुई।
- 1840: डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी।
- 1872: 'टाटा समूह' के संस्थापक चार लोगों में से एक रतनजी टाटा का जन्म।
- 1892: पहली बार बास्केट बॉल खेला गया।
- 1940: भारतीय अभिनेता और राजनेता कृष्णम राजू का जन्म।
- 1945: भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का जन्म।
- 1957: भारत की पहली 'परमाणु भट्टी अप्सरा' का उद्घाटन हुआ।
- 1968: इराक के राष्ट्रपति आरिफ़ हटा दिये गए।
- 1971: अरुणाचल, मिजोरम का उदय केंद्रशासित प्रदेश के रूप में हुआ।

# ज्ञानवापी : सील वजूखाने की सुबह होगी सफाई, जिला प्रशासन रहेगा मौजूद



**वाराणसी**। उच्चतम न्यायालय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में पानी की टंकी (वजूखाना) को साफ करने की अनुमति दिये जाने के बाद जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह नौ बजे से सफाई शुरू करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 जनवरी को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में पानी की टंकी की सफाई के लिए हिंदू महिला वादियों की एक अपील को अनुमति दे दी थी। यह टंकी उस जगह पर है जिसे सील कर दिया गया है। सीजीआई डी वाई चंद्रचूड़,जस्टिसद्वय जे बी पारदीवाला, मनोज मिश्रा की पीठ ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में पानी की टंकी की सफाई का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने गुरुवार को हिंदू पक्ष और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी के साथ अलग-अलग बैठक की और निर्णय लिया कि शनिवार को सुबह करीब नौ बजे सफाई का काम शुरू होगा। यादव ने बताया कि सफाई का काम सुबह करीब 11 बजे तक पूरा हो जाऐगा।

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की हुई घोषणा

### 22 को राष्ट्रपति मुर्मु पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को दिये जाने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की घोषणा कर दी है जिनमें नौ लड़के और 10 लड़कियां हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 पाने वाले बच्चों :आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत) महाराष्ट्र-वीरता अनुष्का पाठक उप्र :कला एवं संस्कृति, अरिजीत बनर्जी, प. बंगाल-कला एवं संस्कृति, अरमान उबरानी, छग-कला एवं संस्कृति : हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, गुजरात- कला एवं संस्कृतिः इशफाक हामिद, जम्मू- कश्मीर-कला एवं संस्कृति :एमडी हुसैन, बिहार- कला एवं संस्कृति :पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया तेलंगाना-कला एवं संस्कृतिः सुहानी चौहान दिल्ली- नवाचार : आर्यन सिंह, राजस्थान-विज्ञान प्रौद्योगिकी : अवनीश तिवारी, मप, सामाजिक सेवा :गरिमा हरियाणा-सामाजिक सेवा :ज्योत्सना अख्तर, त्रिपुरा- सामाजिक सेवा : सय्याम मजूमदार, असम-सामाजिक सेवा : आदित्य यादव, उप्र-खेल :चार्वी ए, कर्नाटक-खेल :जेसिका नेयी सरिंग, अरुणाचल प्रदेश- खेल :लिन्थोई चनांबम औरमणिपुर - खेल :आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को दिया जाता है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को साहस, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल के लिए सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 जनवरी को एक औपचारिक समारोह में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए, देश के सभी क्षेत्रों से 19 बच्चों का चयन किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि 23 जनवरी, को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

### 80 सीट पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे दोनों दल

# अखिलेश-जयंत में हुआ समझौता आरएलडी को 7 सीट देगी सपा



**लखनऊ**। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पार्टियों के बीच समझौते और रणनीतियों का दौर जारी है। इसी क्रम में सपा मुखिया अखिलेश यादव और आरएलडी के चीफ जयंत चौधरी की शुक्रवार को अहम बैठक हुई। लखनऊ में हुई इस बैठक में अखिलेश और जयंत ने लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया।

सूत्रों के मुताबिक दोनों दल 80 सीट पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सपा की ओर से उप्र में इंडिया गठबंधन के तहत आरएलडी को 7 सीटों की पेशकश की है। हालांकि आरएलडी गठबंधन के तहत 12 सीटों की मांग कर रही थी, लेकिन 7 सीटों पर आपसी सहमति बन गई है।

2019 में एसपी-बीएसपी गठबंधन के हिस्से के रूप में आरएलडी ने 3 सीटों पर चुनाव लड़ा था और सभी सीटें बीजेपी से हार गई थी। आरएलडी ने 1.69 फीसदी वोट शेयर हासिल किया था। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरएलडी और एसपी के गठबंधन पर सभी को बधाई। आइए हम सभी जीत के लिए एकजुट हों। इस ट्वीट को रीपोस्ट करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हूं। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे गठबंधन के सभी कार्यकर्ता हमारे क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे।

#### आरएलडी ने खास सीटों की मांग की

पश्चिमी उप्र रालोद का गढ़ माना जाता है और आरएलडी 12 सीटों पर सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ना चाहती है, लेकिन इतनी सीटों पर बात नहीं बन रही, क्योंकि बाकी सीटों पर कांग्रेस चुनावी ताल ठोकना चाहती है। कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, अमरोहा, मेरठ, बुलंद शहर, अलीगढ़, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, मथुरा और बागपत सीटें मांगी है।आरएलडी ने 2023 के यूपी विधानसभा चुनावों में कुल 403 सीटों में से 33 पर चुनाव लड़ा था और 2.85 फीसदी वोट शेयर के साथ आठ सीटें जीतने में कामयाब रही थी। खतौली उपचुनाव में एक जीत के साथ आरएलडी के विधायकों की संख्या 9 हो गई है।

**65 सीटों पर सपा की दावेदारी :** यूपी में लोस की 80 सीटें हैं। सपा सुप्रीम अखिलेश पहले ही कह चुके हैं कि यूपी में इंडिया गठबंधन को सपा ही लीड करेगी। इसके साथ ही सपा यूपी की 65 सीटों पर चुनाव लड़ने की दावेदारी कर रही है। सपा की कोशिश है कि कांग्रेस, आरएलडी को 15 सीटों पर मना लिया जाए।

### पत्नी को पति का वेतन जानने का हक है: मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई**। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में माना है कि पत्नी को पति का वेतन जानने का अधिकार है। हाईकोर्ट ने माना है कि वैवाहिक विवाद के मामले में पत्नी को गुजारा भत्ता मांगने के लिए अपने पति के वेतन विवरण जानने का अधिकार है। एक व्यक्ति ने राज्य सूचना आयोग (एसआईसी) के उस आदेश के खिलाफ मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें उसके नियोक्ता से याचिकाकर्ता के वेतन विवरण को उसकी पत्नी के साथ साझा करने के लिए कहा गया था। हालांकि, अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी और एसआईसी के आदेश को बरकरार रखा।

# सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस वराले होंगे तीसरे दलित न्यायाधीश



### पहली बार होगा ऐसा

**नई दिल्ली**। कॉलेजियम द्वारा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले की पदोन्नति की सिफारिश के बाद सुप्रीम कोर्ट को एक और न्यायाधीश मिलने की संभावना है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई,जो मई से नवंबर 2025 तक मुख्य न्यायाधीश होंगे। और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार के बाद न्यायमूर्ति वरले शीर्ष अदालत में तीसरे दलित न्यायाधीश होंगे। यह पहली बार होगा जब सुप्रीम कोर्ट में तीन दलित जज होंगे। 61 वर्षीय न्यायमूर्ति वेरेला, महाराष्ट्र के औरंगाबाद में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विवि से स्नातक हैं, उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक कानून (विशेष रूप से नागरिक, आपराधिक, श्रम और प्रशासनिक मामलों) का अभ्यास किया है, और पहले बॉम्बे उच्च न्यायालय में सेवा की है। उन्होंने अक्टूबर 2022 में कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह वर्तमान में हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश और अनुसूचित जाति से एकमात्र मुख्य न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति वराले, जो पिछ्ले महीने इस्तीफा देने वाले न्यायमूर्ति एसके कौल का स्थान लेंगे, की नियुक्ति होने पर कोर्ट 34 की अपनी पूर्ण स्वीकृत क्षमता पर काम करेगी।

Filmi तड़का

# मुंबई के राम मंदिर की सफाई करते नजर आए जैकी श्राफ



### सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**मुंबई**। अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह से पहले मुंबई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने भाग लिया। अभिनेता ने मुंबई स्थित भगवान राम मंदिर की सफाई की। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, जैकी को राम मंदिर की सीढ़ियां और दीवारों को चमकाते देखा जा सकता है। जैकी के अलावा अमृता फडणवीस भी वीडियो में मंदिर की सफाई करती नजर आ रही हैं। जैकी श्रॉफ का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सिर्फ जैकी दादा का प्रयास दिख रहा है। एक अन्य ने लिखा कि अपना भिडू वास्तव में मदद कर रहा है कुछ यूजर्स को वीडियो बिलकुल भी पसंद नहीं आया। एक ने नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, राम मंदिर को हर कोई अपने एजेंडे के लिए इस्तेमाल कर रहा है। राजनेता इसका उपयोग राजनीति के लिए कर रहे हैं, सेलिब्रिटी इसका उपयोग प्रसिद्धि के लिए कर रहे हैं।

# हनुमान की आंधी से हिल गया बॉक्स ऑफिस



### आठ दिनों में 100 करोड़ के करीब पहुंची

**मुंबई**। तेजा सज्जा की 'हनुमान' ने ओपनिंग डे पर धमाकेदार कमाई की थी। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर महेश बाबू की 'गुंटूर करम', धनुष की 'कैप्टन मिलर' और कैटरीना कैफ-विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' से टक्कर हुई। इसके बाद भी 'हनुमान' ने हार नहीं मानी और हर दिन बेहतरीन कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस पर 'हनुमान' को मिल रहे रिस्पॉन्स के बाद कई जगह इसके शोज बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में अब फिल्म 100 करोड़ के आंकड़े को छूने से बस चंद कदम ही दूर है। 'हनुमान' ने पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 8.05 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं, अब आठवें दिन यानी शुक्रवार के शुरुआती आंकड़े आ चुके हैं। सेलनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार, 'हनुमान' ने 8वें 4.29 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

### दलजीत सिंह एसएसबी महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने लोस चुनाव को देखते हुए बदलाव शुरू कर दिया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया है। उप्र कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी इस समय सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक की अवधि के लिए एसएसबी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

**खबर संक्षेप**

### हिंदुस्तान यूनीलिवर का लाभ बढ़कर 2,508 करोड़

नई दिल्ली। साबुन, शैम्पू, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में मामूली 1.08 प्रतिशत बढ़कर 2,508 करोड़ रुपये रहा। समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,481 करोड़ रुपये रहा था।

### सेंट्रल बैंक के मुनाफे में 57 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 57 प्रतिशत बढ़कर 718 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में मुनाफा 458 करोड़ रुपये था। कुल आय बढ़कर 9,139 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,636 करोड़ रुपये थी।

### बंसल वायर का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

नई दिल्ली। स्टील वायर निर्माता बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये 745 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ पूरी तरह से इक्विटी शेयरों पर आधारित है। इसमें किसी तरह की बिक्री पेशकश नहीं होगी।

### बीएल एग्रो करेगी 500 करोड़ रुपए का निवेश




नई दिल्ली। आटा, दाल जैसे दैनिक उपयोग के घरेलू सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी बीएल एग्रो तेलंगाना में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसने तेलंगाना में विभिन्न खाद्य उत्पाद के उत्पादन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने को लेकर आरंभिक समझौता किया है।

### टाइगर लॉजिस्टिक्स और सिकदर समूह में समझौता

नई दिल्ली। टाइगर लॉजिस्टिक्स (इंडिया) ने वैश्विक व्यापार के लिए एक संयुक्त उद्यम (जेवी) स्थापित करने के वास्ते बांग्लादेश स्थित सिकदर समूह के साथ एक समझौता किया है। टाइगर लॉजिस्टिक्स ने जानकारी में बताया कि सिकदर समूह मोंगला बंदरगाह पर मोंगला आर्थिक क्षेत्र के विकास तथा संचालन को संभालता है।

### सोना 250 रुपए चढ़ा, चांदी में 400 रुपए की तेजी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में आई तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 250 रुपये की बढ़त के साथ 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये की मजबूती के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पूर्व यह 75,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि विदेशी बाजारों में सुधार के बीच, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 250 रुपये की तेजी के साथ 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं।

# सेबी प्रमुख ने कहा, आईपीओ सब्सक्रिप्शन का डेटा बढ़ा चढ़ाकर दिखाया जा रहा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने कहा है कि वो तीन ऐसे मर्चेंट बैंकरों के खिलाफ जांच कर रही है जो आईपीओ के दौरान सब्सक्रिप्शन के डेटा को बढ़ा चढ़ाकर दिखाते रहे हैं। सेबी ने ऐसे मर्चेंट बैंकरों के खिलाफ कार्रवाई का भी भरोसा दिया है। इंवेस्टमेंट बैंकर्स की लॉबी एआईबीआई (एआईबीआई) की सालाना कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने इस बात का खुलासा किया करते हुए कहा कि रेग्यूलेटर इस बात की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा, सेबी को ऐसे मामलों की जानकारी मिली है जहां कुछ निर्दोष लोगों के खातों का नियंत्रण अपने हाथों में लेकर शेयर बाजार में कारोबार किया जाता है।

■ निर्दोष लोगों के खातों का नियंत्रण अपने हाथों में लेकर शेयर बाजार में कारोबार किया जा रहा

**सेबी तीन मर्चेंट बैंकरों के खिलाफ कर रही जांच**

#### सब्सक्रिप्शन में जोरदार उछाल देखने को मिला

माधबी पुरी बुच का बयान तब आया है जब हाल के दिनों में आईपीओ लेकर आने वाली कंपनियों के सब्सक्रिप्शन में जोरदार उछाल देखने को मिला है। भारी भरकम सब्सक्रिप्शन वाले आईपीओ की स्टॉक एक्सचेंज पर शानदार लिस्टिंग भी देखने को मिली है। एसएमई कंपनियों से जुड़े आईपीओ को लेकर सेबी चेयरपर्सन ने कहा, दोनों ही एक्सचेंज के बोर्ड अलग अलग हैं।




#### निवेशकों के हितों को देखना होगा

बुच ने कहा, हम ऐसी गतिविधियों को देख रहे हैं। जिसमें मर्चेंट बैंकर शामिल पाए गए हैं। बार-बार ऐसी गड़बड़ी में नाम सामने आते हैं। इसलिए निवेशकों के हित में हमें नीति की समीक्षा के साथ-साथ प्रवर्तन कार्रवाई दोनों शुरू करने की जरूरत होगी। हालांकि सेबी प्रमुख ने इसमें लगे तीनों मर्चेंट बैंकर के नाम का खुलासा नहीं किया है।

#### मेनबोर्ड में शामिल कंपनियां अलग है

रिटेल इंवेस्टर्स को ये समझना जरूरी है कि मेनबोर्ड में शामिल कंपनियां कई मायनों में एसएमई कंपनियों से अलग हैं। इनकी रिपोर्टिंग, कम्पलॉयंस और लिस्टिंग की जरुरतें भी अलग होती है जिससे रिस्क बढ़ जाता है।

#### अधिक सब्सक्रिप्शन के सेबी के पास आंकड़े मौजूद


चेयरपर्सन ने बताया इस प्रकार ट्रेड करने वाले वे लोग हैं, जो नहीं चाहते हैं उन्होंने जो कारोबार किया है उसका पता किसी को चले। माधबी पुरी बुच ने कहा, आईपीओ में ज्यादा सब्सक्रिप्शन का इंप्रेशन देने के लिए अधिक संख्या में सब्सक्रिप्शन दिखाने की प्रवृत्ति नजर आई है। उन्होंने बताया कि सेबी के पास इस बारे में आंकड़े सबूत दोनों मौजूद हैं।

### विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में बोले केंद्रीय मंत्री वैष्णव

# भारत सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित कर रहा, दिसंबर में आएगा पहला चिप: वैष्णव

एजेंसी ⏭ दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनवरी 2022 में एक सेमीकंडक्टर नीति शुरू की थी। जब उन्होंने यहां उद्योग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी तब वे सभी इस बात से हैरान थे कि इतने कम समय में ऐसा कैसे किया जा सकता है।



संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में बना पहला चिप दिसंबर तक बाजार में आ जाएगा। उन्होंने पूरे परिवेश पर ध्यान केंद्रित करने के साथ कम समय में देश में एक बहुत मजबूत सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया।



#### कई देशों के पास कोई नीति नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'उन सभी ने नीति तथा इस तथ्य की सराहना की कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा एक व्यापक परिवेश बनाने पर जोर दिया है क्योंकि कई देशों के पास इस तरह की नीति नहीं है और इसलिए उन्हें ऐसी सफलता नहीं मिल सकी।'

#### डिजाइन पर अधिक ध्यान दिया गया

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा एक ऐसा परिवेश विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है जहां प्रतिभा पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा, '104 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पहले से ही मौजूद हैं, उनके पाठ्यक्रम को संशोधित किया जा रहा है, एक अलग निवेश योजना के साथ डिजाइन पर अधिक ध्यान दिया गया है।'

भारत ने जनवरी 2022 में एक सेमीकंडक्टर नीति शुरू की थी

परिवेश विकसित करने 104 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू

**सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित करने का श्रेय पीएम को ही**

#### कई वर्षों तक देश को मिलता रहेगा लाभ

वैष्णव ने कहा, 'वह हमेशा कम से कम 10 साल, 20 साल, 30 साल और 50 साल के दृष्टिकोण को लेकर सोचते हैं। उनका विचार है कि आज जो कुछ भी किया जा रहा है, उसका लाभ देश को कई वर्षों तक मिलना चाहिए।'

#### समझौते पर 2023 में हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'समझौते पर जून 2023 में हस्ताक्षर किए गए थे, जबकि निर्माण सितंबर 2023 में शुरू हुआ। भारत विनिर्मित पहली चिप दिसंबर 2024 में आएगी। उद्योग के विकास पर पहले ज्यादा ध्यान नहीं दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर, वैष्णव ने कहा कि मोदी के विचार दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर केंद्रित होते हैं, चाहे वह रक्षा विनिर्माण हो, बुनियादी ढांचा निवेश हो...।

#### कई डिजाइन कंपनियों को होगा फायदा

वैष्णव ने कहा, 'कई डिजाइन कंपनियों को इससे फायदा मिला है और वे धीरे-धीरे मूल्य श्रृंखला में आगे आ रही हैं। इन सभी को दुनिया भर की कंपनियों से काफी सराहना मिल रही है।' चिप विनिर्माता कंपनी मैक्रों का उदाहरण देते हुए वैष्णव ने कहा कि जिस तरह से मैक्रों की इकाई इतनी तेजी से आगे बढ़ी है, उससे सभी को आश्चर्य हुआ है।

# रिलायंस का लाभ नौ फीसदी बढ़कर 17,265 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 9.3 बढ़कर 17,265 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 15,792 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। परिचालन आय 2.2 लाख करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रही। रिलायंस रिटेल वेंचर लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में 31.87 प्रतिशत बढ़कर 3,165 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी परिचालन आय 23.75 प्रतिशत बढ़कर 74,373 करोड़ रुपये हो गई। इसमें सर्वाधिक योगदान किराना, फैशन और जीवनशैली और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार का रहा। उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की खुदरा इकाई का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,400 करोड़ रुपये रहा था।


■ रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 32 फीसदी का इजाफा

#### रिटेल ने 252 नई दुकानें खोली

बीते वित्त वर्ष 2022-23 तिमाही में कंपनी की आमदनी 67,623 करोड़ रुपये रही थी। आरआईएल ने कहा कि दिसंबर, तिमाही में रिलायंस रिटेल का सकल राजस्व 22.83 प्रतिशत बढ़कर 83,063 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के दौरान, रिलायंस रिटेल ने 252 नई दुकानें खोलीं, जिससे कुल दुकानों की संख्या 18,774 हो गई।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 618.94 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.63 अरब डॉलर बढ़कर 618.94 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 5.89 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 617.3 अरब डॉलर पर आ गया था।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपये को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.86 अरब डॉलर बढ़कर 548.51 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

■ इस सप्ताह भंडार में 1.63 अरब डॉलर की वृद्धि

#### सोने का भंडार घटकर 47.25 अरब डॉलर

आरबीआई ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में सोने का भंडार 24.2 करोड़ डॉलर घटकर 47.25 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.31 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत की आरक्षित जमा 60 लाख डॉलर बढ़कर 4.872 अरब डॉलर हो गई।

**अट्राटेक सीमेंट के लाभ में 67 फीसदी का इजाफा...**



नई दिल्ली। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 67 प्रतिशत बढ़कर 1,774.78 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 1,062.58 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस अवधि में उसकी परिचालन आय 7.85 प्रतिशत बढ़कर 16,739.97 करोड़ रुपये हो गई। 2022 की इसी अवधि में यह 15,520.93 करोड़ रुपये थी। कंपनी के आय विवरण के अनुसार दिसंबर तिमाही में उसने 'सबसे अधिक एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया।' समीक्षाधीन तिमाही में अल्ट्राटेक का कुल खर्च 2.88 प्रतिशत बढ़कर 14,531.04 करोड़ रुपये हो गया। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी की कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) 7.87 प्रतिशत बढ़कर 16,880.45 करोड़ रुपये हो गई।

# सोमवार को शेयर बाजार में नहीं होगा कारोबार

■ मुद्रा बाजार नौ बजे के बजाय दोपहर ढाई बजे से खुलेंगे

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है। इस दिन शेयर बाजार में भी कारोबार नहीं होगा। शेयर बाजार में भी छुट्टी घोषित हो गई है। सूत्रों के मुताबिक शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सेबी बीएसआई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इस बारे में आपस में चर्चा कर ये फैसला लिया है। 22 जनवरी को शेयर बाजार में कोई कारोबार नहीं होगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा कि मुद्रा वायदा एवं विकल्प खंड 22 जनवरी को बंद रहेगा।इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिपत्र जारी कर कहा कि सरकार के 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा करने के कारण मुद्रा बाजार 22 जनवरी को दोपहर ढाई बजे तक बंद रहेंगे। यह नौ बजे के बजाय दोपहर ढाई बजे खुलेंगे।

*दो हजार के नोट सोमवार को जमा नहीं होंगे: एक अन्य परिपत्र में आरबीआई ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित आधे दिन के बंद के कारण केंद्रीय बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में से किसी में भी 2,000 रुपये के नोट बदलने/जमा करने की सुविधा 22 जनवरी दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।*

# तीन दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों से जारी गिरावट के दौर से शुक्रवार को उबर गए। प्रमुख शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 496 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 21,600 के स्तर से ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 496.37 अंक उछलकर 71,683.23 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 160.15 अंक चढ़कर 21,622.40 अंक पर बंद हुआ। गिरावट के इस दौर में सेंसेक्स में 2.91 प्रतिशत और निफ्टी में 2.87 प्रतिशत तक की गिरावट आ गई थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'निचले भाव पर खरीदारी और उत्साहजनक वैश्विक संकेतों ने बाजार को गिरावट से उबरने में मदद की। हालांकि निवेशक अभी निराश हैं और तेजी में नरमी आने की उम्मीद कर रहे हैं।'



#### एचडीएफसी बैंक में गिरावट


दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक में गिरावट का रुख रहा। इस तरह एचडीएफसी बैंक के शेयर में लगातार चौथे सत्र में गिरावट रही। शुक्रवार को भी इसमें 1.08 प्रतिशत की गिरावट आई।

#### एयरटेल रहा लाभ में

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और लार्सन एंड टूब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

# प्रतिष्ठित नैक द्वारा शंकराचार्य कॉलेज रायपुर को 'ए प्लस' ग्रेड

रायपुर। भारत सरकार की नेशनल एसिसमेंट और एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक)द्वारा शंकराचार्य कॉलेज रायपुर को ए+ ग्रेडिंग प्राप्त हुई है, इस ग्रेड को हासिल करने वाला ये सबसे यंग इंजीनियरिंग कॉलेज है, नैक की टीम अलग-अलग क्राइटेरिया पर कॉलेज विजिट कर कॉलेज को मार्क्स देती है, इन मार्क्स के आधार पर ही ग्रेडिंग तय होती है। संस्था के चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी के अनुसार कॉलेज के इनोवेशन, इकोसिस्टम और प्लेसमेंट के लिए टीचर और स्टूडेंट्स की प्रतिबद्धता को टीम ने सराहा है। प्रिंसिपल डॉ आलोक जैन ने इस सफलता का श्रेय स्टूडेंट्स, टीचर और पेरेंट्स को दिया। नेक के को-ऑर्डिनेटर, डॉ नवीन जैन और को-कॉर्डिनेटर डॉ मनोज चांदे ने बताया कि इस ग्रेडिंग से स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट, प्रोजेक्ट , इंटर्नशिप और ग्रांट्स में बहुत फायदा मिलेगा।




**पहला सेशन सुबह 9.15 बजे से, दूसरा 11.30 बजे से**

# शनिवार को खुले रहेंगे शेयर बाजार, होगा स्पेशल लाइव सेशन

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैसे तो शेयर बाजारों में शनिवार और रविवार की छुट्टी रहती है, लेकिन इस बार शनिवार 20 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) खुले रहने वाले हैं।

दरअसल दोनों एक्सचेंज एक दिन के लिए डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्विच कर रहे हैं। ऐसा इस साइट की टेस्टिंग के लिए किया जा रहा है। किसी तकनीकी गड़बड़ी के चलते प्राइमरी साइट क्रैश हो जाने की स्थिति में भी ट्रेडिंग जारी रह सके, इसके लिए यह इंतजाम किया जा रहा है। दोनों ही एक्सचेंज पर 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन ऑर्गेनाइज हो रहा है।

■ डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्विच करने 2 विशेष लाइव सेशन होंगे आयोजित

#### क्या है वजह

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए यह देखा जाएगा कि इमरजेंसी के हालात में सर्वर की कैपिबिलिटी कितनी है। इसके तहत स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। स्टॉक एक्सचेंजों का मकसद है कि विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखा जा सके। अगर उदाहरण से समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य परिस्थितियों में ट्रेडिंग को डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी और ट्रेडिंग भी सुचारू रूप से चलता रहेगा।



*दूसरा सेशन डीआर साइट पर : प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई की भी ट्रेडिंग टाइमिंग यही होगी।*

*45-45 मिनट का होगा सेशन : बीते दिनों स्टॉक एक्सचेंज- बीएसई और एनएसई की ओर से एक सर्कुलर जारी किया गया था। एनएसई के सर्कुलर के मुताबिक डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्विच करने के लिए 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित किया जाएगा। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा। वहीं, दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा।*

#### ट्रेडिंग सेशन की डिटेल

एनएसई सर्कुलर के मुताबिक 20 जनवरी यानी कल इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। इसकी टाइमिंग कुछ ऐसी होगी-सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

# ओम हॉस्पिटल में जले मरीज का ईएसआई से हुआ फ्री इलाज

रायपुर। ओम हॉस्पिटल में बुरी तरह झुलसे हुए मजदूर का सफल इलाज हुआ है। दरअसल, प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करने वाला एक मजदूर वहां लगी गर्म पानी के पाइप के फट जाने से करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। एक महीने आईसीयू और करीब डेढ़ महीने ओम हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद वह अब स्वस्थ है और अस्पताल से उसे डिस्चार्ज किया गया। ओम हॉस्पिटल के डायरेक्टर और प्लास्टिक सर्जन डॉ कमलेश अग्रवाल ने बताया कि इस मजदूर के इलाज में लगभग 20 लाख रुपए खर्च हुए, लेकिन अस्पताल में ईएसआईसी से उसका पूरा इलाज हुआ और मरीज को अस्पताल में कोई भी राशि नहीं लगी।



उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से जले मरीज में शुरूआती 24 से 48 घंटे काफी महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए मरीज को चाहिए की जले मरीज प्लास्टिक सर्जन से ही अपना पूरा इलाज करवाना चाहिए।



# यहां खेला जाएगा भारत-पाक महामुकाबला, 2000 किमी दूर तैयार हो रही पिच

## आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप 2024: 3 महीने में तैयार होगा न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 के मैचों का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में किया जाएगा। इनमें से आठ टी-20 वर्ल्ड कप मैचों का आयोजन न्यूयॉर्क में होगा। जिसमें भारत-पाकिस्तान का थ्रिलर मुकाबला भी शामिल है। मुकाबले की मेजबानी करने के लिए 34,000 सीटों वाला नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की घोषणा की गई है, जो आइजनहावर पार्क में है। वहीं यहां की लिए पिच (ड्रॉप इन पिच) करीब 2000 किलोमीटर दूर फ्लोरिडा में तैयार हो रही है। आईसीसी ने इस स्टेडियम की तैयारियों के बारे में बताया कि न्यूयॉर्क में बन रहे इस नए मॉड्यूलर स्टेडियम नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है। जो क्रिकेट के लिए अपनी तरह का पहला स्टेडियम है, इसके तीन महीने के अंदर पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि आईसीसी ने इससे पहले यह भी पुष्टि की थी कि न्यूयॉर्क का आइजनहावर पार्क टी-20 विश्वकप से पहले किसी भी इंटरनेशनल स्टेडियम की मेजबानी करेगा। इस स्टेडियम में प्रीमियम, वीआईपी, सुइट्स, यूनिक पार्टी डेक और कैबाना (एक तरह की झोपड़ी) जैसी जगहों पर बैठने की व्यवस्था होगी। वहीं पहले फॉर्मूला 1 लास वेगास ग्रांड प्रिक्स के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्रैंडस्टैंड (दर्शकों के लिए बैठने की जगह) को टी20 वर्ल्ड कप के लिए दोबारा तैयार किया जा रहा है।

### आईसीसी वर्ल्डकप की स्पेशल कवरेज

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पीछे डिजाइन टीम पॉपुलस है, जो दुनिया भर में कई सबसे प्रतिष्ठित स्टेडियम बनाने के लिए प्रसिद्ध है। इसमें अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लंदन में टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम शामिल हैं। वहीं इस टीम ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क यांकीज और न्यूयॉर्क मेट्स जैसी टीमों के लिए स्टेडियम बना चुके हैं। आईसीसी के चीफ एग्जीक्यूटिव ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले न्यूयॉर्क में नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का अनावरण करने को लेकर उत्साहित है। इस स्टेडियम में काम शुरू हो रहा है, जहां 34,000 क्रिकेट फैन्स मैच देख सकेंगे। हमने इसके लिए वर्ल्ड क्लास सप्लाइर्स से बात की है। ताकि मॉड्यूलर क्रिकेट स्टेडियम बन सके, यहां कुल 8 मैच होंगे।

### पिच दूसरी जगह से लाई जाएगी, एडिलेड ओवल-ईडन जैसी होगी

एडिलेड ओवल और ईडन पार्क में इस्तेमाल किए गए विकेट के समान एक ड्रॉप-इन स्क्वायर पिच इस समय फ्लोरिडा (करीब 2000 किलोमीटर दूर) में तैयार हो रही है। इसे मई की शुरुआत में न्यूयॉर्क ले जाया जाएगा। इस तरह की पिच तैयार कहीं और की जाती हैं, फिर उसे वेन्यू पर लाकर फिट किया जाता है। यह क्रिकेट वेन्यू मैनहट्टन से 30 मील (करीब 48 किलोमीटर) पूर्व में है, जहां पार्किंग और आसपास तीन रेलवे स्टेशन भी उपलब्ध होंगे। इस वेन्यू पर आठ टी20 वर्ल्ड कप मैच होंगे, जिनकी शुरुआत 3 जून को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रीजा ने जीती पहली अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी



**कोरपस क्रिस्टी,(एजेंसी)।** भारत की दो बार की टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैम्पियन श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में महिला एकल खिताब जीता जो उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी है। भारतीय खिलाड़ी ने फाइनल में दुनिया की 46वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी लिली झांग को 3-0 से मात देकर नए सत्र की शानदार शुरूआत की।

### टी20 सीरीज में कीवियों की लगातार चौथी जीत

**क्राइस्टचर्च,(एजेंसी)।** डैरिल मिचेल नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स नाबाद 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 158 का स्कोर खड़ा किया। जबाव में न्यूजीलैंड ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया।

### रणजी में मप्र ने पहली पारी में बनाए 171 रन

**इंदौर।** दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024 के ग्रुप डी मैच के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम पहली पारी में 53.2 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। मध्य प्रदेश की तरफ से कप्तान शुभम शर्मा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए। तेज गेंदबाज हिमांशु चौहान ने अपने करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट लिए। दिल्ली ने इसके जवाब में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 86 रन बनाए थे।

### आर्थर, ब्राडबर्न व पुटिक का पीसीबी से इस्तीफा

**कराची,(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और बोर्ड के साथ अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। भारत में वनडे विश्वकप के बाद उनके पोर्टफोलियो में बदलाव करके उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन तीनों के साथ गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल भारत में पाकिस्तानी टीम के साथ थे। पाकिस्तान टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सका जिसके बाद पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें एनसीए भेज दिया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में 92-8 का जबरदस्त स्कोर

# 100 में से रिकॉर्ड 92 मैच जीते जोकोविच



**मेलबर्न,(एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अपने 100वें मैच में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 (2) से हराया।

पहली बार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 92-8 है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 10 खिताब जीते हैं। इस जीत से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनसे अधिक मैच केवल रोजर फेडरर (117) और सेरेना विलियम्स (115) ने खेले हैं। जोकोविच ने पहले दो मैच में एक-एक सेट गंवाया था। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा, जिन्होंने बेन शेल्टन को 7-6 (4), 1-6, 6-7 (2), 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पिछले साल के उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास ने लुका वान एश को 6-3, 6-0, 6-4 और टेलर फ्रिट्ज ने फैबियन मोरोजसन को 3-6, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सेबेस्टियन बेज को 6-0, 6-1, 6-3 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने टॉमस मचाक को 6-4, 7-6 (4), 4-6, 7-6 (5) से हराया। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने फ्लैवियो कोबोली को 6-3, 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

### जोकोविच ने की फेडरर की बराबरी

जोकोविच ने इस जीत के साथ ही चौथे दौर में पहुंचने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पिछले 45 वर्षों में केवल दो खिलाड़ी ही 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच पाए हैं। इससे पहले फेडरर ने ऐसा किया था और अब जोकोविच इस सूची में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 31वीं जीत हासिल की है। उनकी नजर 11वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीतने पर हैं।

### रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के तीसरे दौर में

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी को हराते हुए पुरुषों के युगल वर्ग के तीसरे दौर में पहुंच गई है। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर जोड़ी को एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चले दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ चौथे दौर में पहुंचीं



गत चैंपियन बेलारूस की आर्यना सबालेंका और अमेरिका की कोको गॉफ ने अपने- अपने मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। आर्यना ने रॉड लेवर एरेना में लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से मात दी। 12 महीने पहले डाउन अंडर में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली सबालेंका को 28वीं वरीयता प्राप्त सुरेंको को डबल-बैगल करने और मेलबर्न में अपना लगातार 10वां मैच जीतने के लिए सिर्फ 52 मिनट की जरूरत थी। सबालेंका 2017 से 2019 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार 10 जीत दर्ज करने वाली पहली महिला हैं। सबालेंका का अगला मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से होगा। अन्य मैच में, कोको गॉफ ने हमवतन और एक समय की बचपन की ट्रेनिंग पार्टनर एलिसिया पार्क्स को 6-0 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

### गॉफ सेरेना के क्लब में शामिल

19 वर्षीय गॉफ वह 2000 के बाद से ग्रैंड स्लैम स्पर्धाओं में लगातार 10 मैच जीतने वाली पांचवीं किशोरी हैं, जो सेरेना विलियम्स, स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा, मारिया शारापोवा और इगा स्वीयाटेक के साथ शामिल हो गई हैं।

# आयरलैंड अंडर-19 वर्ल्डकप के ओपनिंग मुकाबले में विजयी

## यूएसए को 7 विकेट से दी शिकस्त



**ब्लूमफोंटेन, (एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच ओलिवर रिले (3/21 और 2 कैच) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप के ओपनिंग मैच में यूएसए को 163 गेंद बाकी रहते 7 विकेट से हराकर अपने अभियान का विजयी आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएसए 40.2 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गया। जबाव में आयरलैंड ने 22.5 ओवर में 3 विकेट पर 109 रन बनाकर जीत दर्ज की। यूएस की ओर से खुश भलाला ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। उसके 8 बल्लेबाज दोहरा आंकड़ा भी नहीं छू सके।

आयरलैंड के लिए रूबेन विल्सन और ओलिवर रिले ने 3-3 विकेट लिए। आयरलैंड के लिए रेयान हंटर ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 31 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन बनाए। जबाव में वेस्टइंडीज 40.1 ओवर में 254 रन ही बना सकी। द. अफ्रीका के लिए डेवन मराय ने 65 रन बनाए। विंडीज की ओर से जेवेल एंड्रयू ने 130 रन की शतकीय पारी खेली। द. अफ्रीका की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच वेना मफाका ने 38 रन देकर 5 विकेट झटके।

### बांग्लादेश के खिलाफ अभियान की आज शुरुआत करेगा भारत

आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप के इतिहास की सबसे कामयाब गत चैम्पियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगी तो उदय सहारन की कप्तानी में उसका लक्ष्य इस परंपरा को आगे बढ़ाने का होगा। यह मुकाबला दोपहर 1.30 बजे से खेला जाएगा। ग्रुप-ए में पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम पहले दौर में एशियाई प्रतिद्वंद्वी से खेलेगी। इसके बाद आयरलैंड और अमेरिका से मुकाबले होंगे। भारत ने 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। उसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैंपियन रहा। आईसीसी का यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था लेकिन ऐन मौके पर दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी गई। इसमें चार समूहों में चार-चार टीमें रखी गई है। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 10 विकेट से रौंदा

**एडीलेड,(एजेंसी)।** जोश हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले 10 विकेट से हरा दिया।



ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला। स्टीव स्मिथ (11 रन) और उस्मान ख्वाजा (9 रन) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। ख्वाजा हालांकि उस समय बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए जब आस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिए था। मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही वेस्टइंडीज के छह विकेट 73 रन पर निकाल दिए थे। इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाए थे। तीसरे दिन वेस्टइंडीज के नौ विकेट 94 रन पर गिर गए थे और उसे पारी की हार से बचने के लिए एक रन की जरूरत थी। ऐसे में शामार जोसेफ और केमार रोच ने आखिरी विकेट के लिए 26 रन जोड़कर टीम को इस शर्मिंदगी से बचाया।

### ख्वाजा के हेलमेट पर लगी बाउंसर, जबड़ा टूटने से बचा

तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के जबड़े पर एक गेंद लगी, गेंद इतनी तेजी से लगी थी कि उनके मुंह से खून निकल गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि शमर जोसेफ के तेज बाउंसर से हेलमेट पर चोट लगने के बाद ख्वाजा का जबड़ा टूटने से बच गया। ख्वाजा उस समय बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए। ख्वाजा जब मैदान छोड़ कर जा रहे थे तो उनके मुंह से हल्का खून निकल रहा था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम में शुरुआती कनकशन टेस्ट पास कर लिया है। वह स्कैन के लिए भी गए, जिससे पता चल सके कि जबड़े में चोट तो नहीं आई है, हालांकि बाद में स्कैन में सब सही पाया गया है।

# प्रणय इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के वैंग जू वेइ को हराकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रणय को चीनी ताइपे के दुनिया के 28वें नंबर के खिलाड़ी वैंग के खिलाफ 21-11, 17-21, 21-18 से जीत दर्ज करने के लिए एक घंटा और 17 मिनट तक जूझना पड़ा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन की डेनमार्क की पांचवीं वरीय जोड़ी को सीधे गेम में सिर्फ 35 मिनट में 21-7, 21-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# सर्दियों में कपल्स के लिए बेस्ट हैं ये खूबसूरत हिल स्टेशन, लाइफपार्टनर भी करेगी आपकी तारीफ



नॉर्थ ईस्ट इंडिया भारत का एक ऐसा हिस्सा है, जिसकी खूबसूरती और हसीन वादियों को निहारने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। कपल्स के लिए नॉर्थ ईस्ट इंडिया जन्नत के समान हैं। अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, असम, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में ऐसी कई अद्भुत और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। जिनकी खूबसूरती देखते बनती हैं। आपको बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया को सेवन सिस्टर के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में हनीमून के लिए कुछ हसीन और खूबसूरत जगहों की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**गंगटोक**- जब भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में मौजूद हसीन और खूबसूरत जगहों की बात होती है। तो इनमें गंगटोक का नाम सबसे ऊपर होता है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक न सिर्फ अपनी प्राकृतिक सुंदरता बल्कि कपल्स के बीच हनीमून डेस्टिनेशन के लिए भी फेमस है। यहां पर आप बर्फबारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आप भी गंगटोक में अपने पार्टनर के साथ एमजी रोड, भारत-चीन सीमा और ताशी व्यू पॉइंट जैसी बेहतरीन जगहों को देख सकते हैं।

**शिलांग**- मेघालय की राजधानी शिलांग नॉर्थ ईस्ट इंडिया की बेहतरीन जगहों में से एक है। इसको पूर्व भारत में 'झीलों का शहर' बोला जाता है। इस कारण यहां पर भारी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। कपल्स के लिए यह एक बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत से कम नहीं है। शिलांग में आप अपने पार्टनर के साथ शिलांग पीक, हाथी झरना और उमियम झील आदि बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर किया।

**दार्जिलिंग**- पश्चिम बंगाल में स्थित दार्जलिंग नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमे जाने वाले प्रमुख स्थानों में से एक है। हिमालय की हसीन वादियों में मौजूद दार्जिलिंग बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। जहां पर हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। वहीं हनीमून के लिए यह हिल स्टेशन सबसे फेमस है। दार्जलिंग की हसीन वादियों को देखकर आपका वापस लौटने का मन नहीं करेगा। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ बतासिया लूप, नाइटेंगल पार्क, टाइगर हिल और रॉक गार्डन जैसी मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**जीरो वैली**- समुद्र तल से करीब 5 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद जीरो वैली कपल्स के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन हो सकता है। यह देश की उन जगहों में शुमार है, जो प्रकृति और परंपराओं की जुगलबंदी को दिखाने का काम करता है। यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। कपल्स के बीच भी जीरो वैली काफी ज्यादा फेमस है। ऐसे में कपल्स हनीमून के दौरान यहां पर घास के मैदान, चारों ओर हरियाली और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ देख सकते हैं।

**आइजोल**- मिजोरम की राजधानी आइजोल एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक डेस्टिनेशन है। वहीं सर्दियों के मौसम में इस जगह की खूबसूरती देखने लायक होती है। जिसके कारण कई पर्यटक सर्दियों में आइजोल आना पसंद करते हैं। यह जगह कपल्स के बीच काफी फेमस हैं। यह एक शांत शहर हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रुंग्डिल झील, डर्ट लिंग हिल्स, मिजोरम संग्रहालय और वंतावंग फॉल्स जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### कराते में रंजिता ने जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल,(खेसं)।** मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौरी में आयोजित एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त तत्वाधान में साउथ वेस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय कराते प्रतियोगिता में महिला व्यक्तिगत कुमिते के - 61 किलो भार वर्ग में एलएनसीटी की रंजिता सिन्हा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं सिनि देवसिया महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी को रजत पदक और गायत्री ए यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिकट को कांस्य पदक मिला। महिला कुमिते के-67 किलो में जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी भोपाल की गार्गी सिंह परिहार ने स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर की जाह्नवी राठौर को रजत पदक मिला।

## 29वां आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट

# रोहिताश्व का दोहरा प्रदर्शन, शशि की घातक गेंदबाजी

**भोपाल,(खेसं)।** रोहिताश्व मिश्रा के दोहरे प्रदर्शन की मदद से दैनिक भास्कर ने 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में 53 रनों से जीत दर्ज की है। दिन के दूसरे मैच में फाल्कन ने बीयू को आठ विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर शुक्रवार को भास्कर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 152 रन बनाए। इसमें रोहिताश्व ने 54 रनों की पारी खेली। शशि शेखर ने 1.5 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा जैद को 3 विकेट मिले। जवाब में राज एक्सप्रेस की टीम 17.3 ओवर में 99 रनों पर आउट हो गई। उसकी ओर से धर्मेंद्र ने 38 रन बनाए।



रजनीकांत (15) दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। रोहिताश्व ने 3 विकेट लिए। रोहिताश्व मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और शशि शेखर आरएनटीयू वेल्यूएबल प्लेयर चुने गए। दोनों को रेड रोज ग्रुप के सचिव सुमित पांडा और टूर्नामेंट संरक्षक मृगेंद्र सिंह ने पुरस्कृत किया। दूसरे मैच में बीयू टीम 14.5 ओवर में 61 रनों पर आउट हो गई। उसकी ओर से नरेंद्र 27 रन बना पाए। फॉल्कन की ओर से देवेंद्र सिंह ने चार विकेट लिए। जवाब में फॉल्कन ने जरूरी रन सात ओवर में दो विकेट पर बना लिए। देवेंद्र सिंह कठैत प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### घुड़सवारी प्रतिस्पर्धा में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कैडेट्स ने जीते 6 पदक

**भोपाल,(खेसं)।** गणतंत्र दिवस 2024 के मौके पर आयोजित की जाने वाली घुड़सवारी प्रतिस्पर्धा 4 जनवरी से 16 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित हुई। इसमें मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय के 9 कैडेट्स ने भाग लिया। यह प्रतिस्पर्धा गणतंत्र दिवस कि एक मुख्य प्रतियोगिता होती है। इसमें म.प्र एवं छत्तीसगढ़ के कैडेट्स ने छह पदक (3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक) अर्जित किए हैं और पदक तालिका में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। ये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ने पहली बार हासिल किया है। सभी कैडेट्स एवं उनके इंस्ट्रक्टर स्टाफ के कठिन परिश्रम और लगन के फलस्वरूप यह नतीजा हासिल हो सका। पदक विजेता के नाम- **स्वर्ण पदक:** एसजीटी सुहाना गंभीर, कैडेट राहुल बघेल, **रजत पदक:** कैडेट अभिषेक, **कांस्य पदक:** कैडेट त्रिभुवन, कैडेट अंकित खराते, **सर्वश्रेष्ठ राइडर ट्रॉफी गर्ल्स:** एसजीटी सुहाना गंभीर, **सर्वश्रेष्ठ टेंट पेगर ट्रॉफी:** कैडेट राहुल बघेल।



# इकबाल-फैसल की जोड़ी डबल्स के फाइनल में

**भोपाल,(खेसं)।** 25 हजार डॉलर ईनामी राशि वाले अंतरराष्ट्रीय पुरुष टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ (इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन) में शुक्रवार को खेले गए सिंगल्स मुकाबलों में 4 में से 3 टॉप सीड खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुच गए। वहीं आर्यन शाह और एस विश्वकर्मा सीधे सेटों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टॉप सीड ओलिवर क्राफर्ड, एरिक वंशेबलोईम और बॉग्डॉन बोब्रोव ने अपने -अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डबल्स सेमीफाइनल भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुआ। जिसमें ईशाक इकबाल और फैसल कमर की जोड़ी ने विष्णुवर्धन और साई रेड्डी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वह आज फाइनल में बॉग्डॉन बोब्रोव व लूका कैसलनोवो की जोड़ी भिड़ेंगे जिन्हें एक अन्य मैच में वॉक ओवर मिल गया।



**आईटीएफ: आर्यन शाह, एस विश्वकर्मा और सुरेश कुमार बाहर**



## वैज्ञानिकों ने लॉन्ग कोविड में सेल डैमेज का कारण किया डिकोड

**लंदन (आईएएनएस)।** स्विस शोधकर्ताओं की एक टीम ने पहचाना है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा, लंबे समय तक रहने वाले कोविड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित अधिकांश लोग गंभीर बीमारी के बाद ठीक हो जाते हैं। हालांकि, संक्रमित लोगों में कुछ को लंबे समय तक चलने वाले लक्षण विकसित होते रहते हैं।

लॉन्ग कोविड के कारण अभी भी अज्ञात हैं, और कोई नैदानिक परीक्षण या उपचार नहीं हैं। स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख विश्वविद्यालय (यूजेडएच) के अध्ययन ने इस बारे में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के एक हिस्से की भूमिका को इंगित किया जो आम तौर पर संक्रमण से लड़ने और क्षतिग्रस्त और संक्रमित शरीर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है। यूजेडएच में इम्यूनोलॉजी के प्रोफेसर ओनूर बॉयमैन ने कहा, लंबे समय तक कोविड वाले रोगियों में, प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा जिसे पूरक प्रणाली कहते हैं, अपनी मूल स्थिति में वापस नहीं आती, बल्कि सक्रिय रहती है और इस प्रकार, स्वस्थ शरीर की कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती है। जर्नल साइंस में प्रकाशित अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के बाद एक वर्ष तक 113 कोविड रोगियों का अध्ययन किया और उनकी तुलना 39 स्वस्थ लोगों से की। छह महीने के बाद, 40 रोगियों में सक्रिय लांग कोविड बीमारी थी। अध्ययन प्रतिभागियों के रक्त में 6,500 से अधिक प्रोटीन का तीव्र संक्रमण के दौरान और छह महीने बाद विश्लेषण किया गया। बॉयमैन की टीम में शामिल पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता कार्लो सर्विया-हस्लर ने समझाया, लॉन्ग कोविड में किन प्रोटीनों में बदलाव किया गया, इसके विश्लेषण से पूरक प्रणाली की अत्यधिक गतिविधि की पुष्टि हुई। सक्रिय लॉन्ग कोविड वाले रोगियों में भी रक्त का स्तर ऊंचा था, जो लाल रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और रक्त वाहिकाओं सहित शरीर की विभिन्न कोशिकाओं को नुकसान का संकेत देता है।

एक्टिव लॉन्ग कोविड में ब्लड प्रोटीन में परिवर्तन पूरक प्रणाली के प्रोटीन के बीच संबंध का संकेत देते हैं, जो रक्त के थक्के जमने और टिशू क्षति और सूजन की मरम्मत में शामिल होते हैं। इसके विपरीत, लंबे समय तक बीमारी से उबरने वाले कोविड रोगियों का रक्त स्तर छह महीने के भीतर सामान्य हो गया। इसलिए सक्रिय लॉन्ग कोविड की पहचान रक्त में प्रोटीन पैटर्न से होती है। बॉयमैन ने कहा, हमारा काम न केवल बेहतर निदान की नींव रखता है, बल्कि नैदानिक अनुसंधान का भी समर्थन करता है जिनका उपयोग पूरक प्रणाली को विनियमित करने के लिए किया जा सकता है।

**113** कोविड रोगियों का अध्ययन किया और उनकी तुलना 39 स्वस्थ लोगों से की। छह महीने के बाद 40 रोगियों में सक्रिय लांग कोविड बीमारी थी।

## नयनतारा ने 'अन्नपूर्णी' फिल्म विवाद पर मांगी माफी


**नई दिल्ली (भाषा)।** अभिनेत्री नयनतारा ने अपनी हाल में आई तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णी' के लिए माफी मांगी है। फिल्म के ओटीटी मंच पर रिलीज होने एक हफ्ते बाद निर्माताओं पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया था और इसके बाद फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया था।

फिल्म 'जवान' में काम कर चुकी अभिनेत्री ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि फिल्म 'प्रेरणा देने के लिए बनाई गई है, न कि विवाद पैदा करने के लिए।' नयनतारा ने कहा, 'जय श्री राम। यह पत्र मैं भारी मन और हमारी फिल्म 'अन्नपूर्णी' से संबंधित हालिया विवादों को लेकर लिख रही हूं। 'अन्नपूर्णी' को बनाने का प्रयास केवल सिनेमा के लिए नहीं किया गया था बल्कि यह तो प्रेरणा और कभी हार न मानने की भावना पैदा करने का प्रयास था।' उन्होंने कहा, 'इसका उद्देश्य जीवन की यात्रा को प्रतिबिंबित करना है जहां हम सीखते है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से बाधाओं को कैसे दूर किया जा सकता है। एक सकारात्मक संदेश साझा करने के हमारे प्रयास में हमने लोगों की भावनाओं को अनजाने में चोट पहुंचाई है।'

'अन्नपूर्णी' में अभिनेत्री ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जिसका लक्ष्य देश में सर्वश्रेष्ठ शेफ बनना है लेकिन अपने सपने को साकार करने के लिए उसे मांसाहारी भोजन पकाना पड़ता है। नीलेश कृष्णा द्वारा निर्देशित यह फिल्म पिछले साल दिसम्बर में सिनेमाघरों में



रिलीज हुई थी और इसके चार हफ्तों के बाद नेटफ्लिक्स पर आई थी। फिल्म को लेकर बीते सप्ताह तब विवाद खड़ा हो गया जब नयनतारा और निर्माताओं के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि फिल्म के कुछ दृश्य हिदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करते है। आरोपों के अनुसार फिल्म में भगवान राम के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की गई है और यह 'लव जिहाद' को भी बढ़ावा देती है। विवाद के बीच फिल्म को निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स से हटा दिया था। नयनतारा ने अपने पोस्ट में कहा कि फिल्म के जरिए टीम एक सकारात्मक संदेश साझा करना चाहती थी और उन्होंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्म को स्ट्रीमिग मंच से हटा दिया जाएगा।



## 8 मार्च को रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म शैतान

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान 8 मार्च को रिलीज होगी।अजय देवगन की सुपरनैचुल थ्रिलर फिल्म शैतान गुजराती थ्रिलर फिल्म 'वश' का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ-साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में है।फिल्म विकास बहल के निर्देशन में बनी है।

## आइरा खान ने शेयर किया शादी का टीजर, इमोशनल दिखे पिता आमिर


**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान ने नुपुर शिखरे के साथ अपनी शादी का एक दिल छू लेने वाला टीजर साझा किया है। वीडियो में, आइरा खुबसूरत व्हाइट गाउन में नजर आ रही हैं। वह पिता आमिर और मां रीना दत्ता का हाथ



पकड़कर चल रही हैं। वीडियो में आगे दिखाया गया है कि आमिर और उनकी पूर्व पत्नी रीना एक-दूसरे का हाथ पकड़कर बैठे हैं और आइरा और नुपुर की शादी के मोमेंट्स को एन्जॉय कर रहे हैं। वीडियो में आमिर इमोशनल दिख रहे हैं। वहीं उनकी दूसरी और पूर्व पत्नी किरण राव और उनके बेटे आजाद की भी वीडियो में झलक देखने को मिलती है। वीडियो में आमिर और रीना एक साथ डांस करते नजर आ रहे हैं, वहीं आइरा और नुपुर भी जमकर डांस करते हैं। आइरा ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, यह सिर्फ एक टीजर है, लेकिन न तो अवास्तविक है और न ही हम इंतजार कर सकते थे।

## 2023 में कनाडा के निवासी बने 62 हजार से अधिक विदेशी छात्र

**टोरंटो (आईएएनएस)।** बढ़ते आवास संकट के बीच कनाडा अंतरराष्ट्रीय छात्रों के आगमन पर रोक लगाने पर विचार कर रहा है, लेकिन देश के आप्रवासन (इमिग्रेशन) आंकड़ों के अनुसार उनमें से 62,410 छात्र 2023 में देश के स्थायी निवासी बन गए। नवम्बर 2023 के आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) डेटा के अनुसार, यह संख्या 2022 में अंतरराष्ट्रीय छात्र बनने वाले 52,740 अंतरराष्ट्रीय स्नातकों में से 9,670 की वृद्धि दर्शाती है। आप्रवासन (इमिग्रेशन) विशेषज्ञों के अनुसार, कनाडा की अधिकांश जनसंख्या वृद्धि अब दुनिया में सबसे तेज विदेशी छात्रों, गैर-स्थायी निवासियों और अस्थायी विदेशी श्रमिकों से है। राष्ट्र ने वृद्ध श्रमिकों की जगह लेने और श्रम अंतराल को भरने के लिए आप्रवासियों के लिए अपने दरवाजे खोले लेकिन संख्या में उछाल ने देश के संसाधनों पर दबाव डाला। पिछले सप्ताह आप्रवासन मंत्री मार्क मिलर ने कहा था कि वह देश में प्रवेश करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों और अस्थायी निवासियों की संख्या का बारीकी से विश्लेषण करेंगे, क्योंकि सरकार को आवास की सामर्थ्य और जीवनयापन की बढ़ती लागत पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें परमिट में सुधार और गैर-स्थायी निवासियों की संख्या सीमित करना शामिल है। इस बीच मॉन्ट्रियल स्थित डेसजार्डिन्स सिक्योरिटीज ने चेतावनी दी कि कनाडा में अस्थायी श्रमिकों और विदेशी छात्रों के लिए दरवाजे बंद करने से देश में आर्थिक



**मंत्री मार्क मिलर ने कहा था कि वह देश में प्रवेश करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों और अस्थायी निवासियों की संख्या का बारीकी से विश्लेषण करेंगे, क्योंकि सरकार को आवास सामर्थ्य और जीवनयापन की बढ़ती लागत पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।**

मंदी गहरा जाएगी। पूंजी बाजार कंपनी की भविष्यवाणियों के अनुसार, देश की वास्तविक जीडीपी 2024 में 0.7 प्रतिशत गिर जाएगी और अगले चार वर्षो में सालाना औसतन 1.78 प्रतिशत की वृद्धि होगी। ऐसे अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए कई रास्ते उपलब्ध हैं जो कनाडा के स्थायी निवासी बनना चाहते हैं, और उनमें से सबसे तेज एक्सप्रेस एंट्री प्रोग्राम है। अंतरराष्ट्रीय छात्र हर साल कनाडा में स्थायी निवास का विकल्प चुनने वाले सबसे बड़े समूह का गठन करते हैं, जिसमें भारतीयों की हिस्सेदारी सबसे अधिक होती है।

## अप्लॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'गांधी' की शूटिंग शुरू

**मुंबई (वार्ता)।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट निर्मित फिल्म 'गांधी' की शूटिंग गुजरात में शुरू हो गई है। महात्मा गांधी के जीवन और समय को दर्शाती फिल्म गांधी भारत के अलावा विदेश में शूट की जाएगी। हंसल मेहता निर्देशित और प्रतीक गांधी अभिनीत, फिल्म गांधी का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा अप्लॉज प्रोडक्शंस के सहयोग से कियाजा रहा है।

## ऋतिक ने 'इंडियन आइडल' में पीयूष को दिया शानदार ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन ने 'इंडियन आइडल 14' में प्रतिभागी पीयूष पंवार को शानदार ट्रांसफॉर्मेशन दिया है। इस रविवार, ऋतिक रौशन सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'इंडियन आइडल 14' के प्रतिष्ठित मंच पर 'फाइट टू टॉप 10' थीम वाले एपिसोड के लिए मौजूद होंगे। इस दौरान जज विशाल ददलानी और प्रतियोगियों ने ऋतिक की आगामी रिलीज 'फाइटर' से 'सुजलाम सुफलाम' गाने पर एक



भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया, जो 25 जनवरी को रिलीज होगी। राजस्थान के पीयूष पंवार ने फिल्म 'कहो ना प्यार है' का टाइटल सॉन्ग और 'कभी खुशी कभी गम' का 'यू आर माय सोनिया' गाकर सभी को प्रभावित कर दिया। ऋतिक ने पीयूष पंवार के पिछले प्रदर्शनों को याद किया और पीयूष का लुक संवारने का इरादा व्यक्त किया।



## भक्षक का टीजर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की आने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म 'भक्षक' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म 'भक्षक' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। निर्माता गौरी खान ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सभी बाधाओं के बावजूद सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर निकलीं एक निडर पत्रकार। सच्ची घटनाओं से प्रेरित भक्षक, 9 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। पुलकित द्वारा निर्देशित भक्षक में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर अहम भूमिका में है। वैशाली सिंह के रूप में भूमि पेडनेकर एक खोजी पत्रकार की भूमिका में नजर आ रही है, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जमीनी हकीकत को उजागर करते हुए एक जघन्य अपराध को समाज के सामने लाना चाहती है।



## फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आएगी।इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना शाह ने किया है। ट्रेलर में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। ट्रेलर में कृति सैनन एक रोबोट का किरदार निभाती दिख रही है, जिससे शाहिद कपूर को प्यार हो जाता है। इसके बाद वह कृति सैनन से शादी करने की कोशिश में लग जाता है लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब उसे पता लगता है कि वह एक रोबोट है। ट्रेलर में धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया की झलक भी देखने को मिल रही है। फिल्म 9 फरवरी 2024 को रिलीज की जाएगी।



## 'रिस्की रोमियो' में मोनिका चौधरी निभाएंगी अहम भूमिका

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस मोनिका चौधरी, जिन्हें रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में देखा गया था, वह एक्टर सनी सिंह की अपकमिंग कॉमिक ट्रेजेडी 'रिस्की रोमियो' में अहम रोल निभाने के लिए तैयार हैं। फिल्म अबीर सेनगुप्ता द्वारा लिखित और निर्देशित है, जिन्होंने पहले कियारा आडवाणी-स्टारर 'इंदु की जवानी' का निर्देशन किया था और राधिका आप्टे-स्टारर 'मिसेज अंडरकवर' का निर्माण किया था। अपने रोल के बारे में मोनिका ने कहा, फिल्म में मेरा लुक भी मेरे द्वारा किए गए बाकी सभी कामों से काफी अलग है।



## फिल्म आंखें के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की आने वाली भोजपुरी फिल्म आंखें के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म आंखे में प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है। फिल्म आंखें का निर्माण संकट मोचन फिल्म इंटरनेशनल की तरफ से किया जा रहा है। प्रदीप पांडेय चिंटू, यामिनी सिंह और आस्था सिंह स्टारर फिल्म आंखें गोविंदा और चंकी पांडे की सुपरहिट फिल्म आंखें का भोजपुरी वर्जन है।

# जनपद के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## जनसामान्य के शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा फरियादियों की संतुष्टि ही समाधान दिवस का उद्देश्य : डीएम

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने व निस्तारण के अभाव में एक ही समस्या को आवेदक द्वारा बार-बार प्रस्तुत किये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे-वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती के मामले आदि में कैम्प लगाकर तत्काल सुलझाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने सम्बंधित अधिकाररियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन के आवेदनों को नियमानुसार तत्काल निस्तारित किया जाए, अनावश्यक पेंशनर्स को बार-बार न दौड़ाया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जायं, अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी ले। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 01 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को त्वरित न्याय मिल सकें। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा केशव नाथ, तहसीलदार धनघटा योगेंद्र कुमार पाण्डेय सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, जमीन की पैमाईश, अतिक्रमण, वरासत एवं खतौनी में किसी भी प्रकार के त्रृटियों से सम्बंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सम्बंधित कर्मचारी के साथ मौके की जांच कर एवं उभय पक्षों की बात को सुनते हुए नियमानुसार निस्तारित कराया जाए। तहसील खलीलाबाद में कुल 49 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 01 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे,पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह, तहसीलदार सदर जनार्दन, नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सहित आदि उपस्थित रहे।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत किया गया श्रमदान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 19 जनवरी, 2024 को स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत श्रमदान किया गया, जिसमें मुख्य नियन्ता प्रोफे० एस० डी० सिंह परिहार एवं पूर्व एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी प्रोफे० एस० एन० सिंह ने नेतृत्व किया। इस स्वच्छता अभियान के तहत एन० एस० एस० स्वयं सेवकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण और शिव वाटिका में साफ-सफाई का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य नियन्ता प्रोफे० एस० डी० सिंह परिहार ने बताया कि स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हमें इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए, कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिए। उन्होने यह भी कहा की है स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। अतः स्वच्छता को अपनाएं और देश को आगे बढ़ाएं। बेहतर साफ-सफाई से ही भारत को आदर्श बनाया जा सकता है। अतः स्वच्छता के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी डा० शिव शंकर यादव, डा० रुचि मूर्ति सिंह, डा० त्रिनाथ मिश्र एवं धर्मेन्द्र और डा० अमरजीत उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 283 शिकायत/प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 23 का हुआ निस्तारण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सेवराई में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। जिसमे 76 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 04 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 283 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 23 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।



सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 03 का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 की अध्यक्षता में 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, तहसीलदार सेवराई, क्षेत्राधिकारी सेवराई एवं सम्बन्धित जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुश्ती दंगल में 70 जोड़ी पहलवानों ने दिखाया दम

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम गोबरा में स्व चनरु पहलवान की स्मृति में राष्ट्रीय अखाड़ा मुलायम सिंह यादव( नेता जी अखाड़ा) में गुरुवार को पूर्वान्ह दस बजे आयोजित की गई प्रतियोगिता में पहुंचे मल्हनी विधायक लकी यादव नेता के चित्र पर माल्यार्पण कर बने अखाड़े का फीता कटकर मुलायम सिंह के नाम पर नामकरण कर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में आये पहलवानों ने भीषण ठण्ड के मौसम को जमकर गरम करते हुए अपने भूजाओं के दमखम का परिचय दिखाते हुए मुकाबला जितने के लिये जोर आजमाइस किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुँचे पूर्व मन्त्री शैलेन्द्र यादव ललई ने अपने उद्बोधन के कहा कि हमारी सरकार में एक्सप्रेसवे बना जिस पर मिग 29, सुखोई और हरकुलिस जैसे बड़े विमान सड़कों पर उतर सकता है। 27 में हमारी सरकार तब बनेगी जब 24 में हमें आप लोग हमें दिल्ली पहुचायेंगे। हमारी सरकार बनने पर गोबरा घाट से महादेवा घाट गोमती नदी पर पुल बनाने का आश्वासन दिया। दंगल प्रतियोगिता के दौरान बाल कुमार, जौनपुर कुमार, बाल केशरी, जौनपुर टाइगर, जौनपुर केशरी समेत पाँच पदों पर 70 जोड़ी पहलवानों ने जोर आजमाया।पहलवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए भारी संख्या में दर्शको की भीड़ मौजूद रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश नाथ सोनकर,संजय सरोज, रत्नाकर चौबे, शाकिब उर्फ गुड्डू खान,राकेश मौर्य, सुभाष यादव, राम अवतार सोनकर, वीरेन्द्र यादव, भीम यादव, लालजी यादव, अधिवक्ता दीपचन्द राम, विश्व नारायन यादव, अभिमन्यु यादव समेत तमाम अतिथि उपस्थित रहे। आयोजक सपा जिला उपाध्यक्ष नीरज पहलवान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रेफरी की भूमिका राजेश शर्मा, रोशन यादव ने अदा किया। अंक तालिका पर राजेश यादव, सुभाषचन्द्र यादव,सन्तोष यादव, लालजी यादव महासचिव उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ जमे रहे।



# सीएमएस डॉ. राजेश सिंह और कुंवर वीरेंद्र सिंह की नेकी लावारिश को जिला अस्पताल से किया वृद्धाआश्रम शिफ्ट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के मेडिकल कॉलेज स्थित जिला अस्पताल में एक मानसिक विक्षिप्त 60 वर्षीय व्यक्ति जो लावारिस हालत में पीआरडी जवान को मिले थे। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया था। अब जब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गये तब जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश सिंह और कुंवर वीरेंद्र सिंह के द्वारा मरीज को भोजन कराने और कंबल देकर वृद्धा आश्रम में शिफ्ट किया गया। कुंवर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 14 सितंबर 23 को एक 60 वर्षीय व्यक्ति जिसे सैदपुर थाना के पीआरडी जवान दूधनाथ ने लावारिस स्थिति में सैदपुर से लाकर जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इस दौरान उसका ईलाज करने के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया था। जहां पर डॉक्टरों की देखरेख में उसका ईलाज चल रहा था। जो अब पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद अपना नाम तो नहीं बता पा रहा था। वह सिर्फ एक नाम सोनल ले रहा था और अपने घर के नाम की जगह गुजरात बता रहा था। सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि लावारिश हालत में आने पर उक्त व्यक्ति का इलाज और देखरेख किया गया। अब वह व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गया। जिसे अब शासन के निर्देश पर उक्त व्यक्ति को भोजन आदि करने के पश्चात और ठंड का मौसम देखते हुए स्वयं की तरफ से उसे कंबल दिया और उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से लंगरपुर स्थित वृद्धा आश्रम में शिफ्ट कराया गया।




# डीएम व एसपी ने बक्सर को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी बार्डर का किया औचक निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा निर्देश





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में पुलिस चेक पोस्ट चौकी बारा, थाना गहमर, एवं गहमर थाना के अन्तर्गत देवल पोस्ट, थाना रेवतीपुर एवं बक्सर को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी बार्डर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गाजीपुर बक्सर को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी सेतु का निरीक्षण के दौरान बताया कि कोई भी गाड़ी बिना चेक के इस पोस्ट से नहीं जाएगी। अवैध शराब की तस्करी पूरी तरह से बन्द किया जाये एवं बार्डर पर कडाई से नियमो का पालन किया जाय और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उसके उपरान्त बारा चैकी एवं गहमर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डैक्स को चेक किया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता रजिस्टर को चेक किया एवं निर्देश दिया कि किसी भी महिला द्वारा किए गए शिकायत एवं एप्लीकेशन इस रजिस्टर में प्रतिदिन नोट कर शिकायतकर्ता का निस्तारण तत्काल किया जाय। हेल्प डेक्स पर शिकायत आवेदन के अनुसार जिलाधिकारी ने रजिस्टर के अनुसार तत्काल शिकायतकर्ता के नाम के नम्बर पर फोन कर आप बिति जानकारी ली जो सही पायी गयी। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि समस्या का समाधान कर दिया गया है। इसी क्रम में देवल पोस्ट पर पहुचकर अधिकारियों से आवागमन का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया एवं उन्होने बताया कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 चुनाव को देखते हुए आवागमन में हलचल की सर्तकता बरती जाय किसी भी पोस्ट से अनापत्तिजनक वस्तुओ का लेनदेन नही होने पाये ऐसी स्थिति में पाये जाने पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# प्रभु राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर योग साधकों द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा

प्रखर कुशीनगर। 500 वर्षो बाद त्रेता के प्रभु राम के आगमन पर ओम फिटनेस योग संस्थान द्वारा प्रातः काल दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम से विशाल शोभा यात्रा निकाल कर रामराज्य का संदेश ज्ञापित कर रहे योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी अनुयाई योगी साधक । ये यात्रा 20 जनवरी से 22 जनवरी तक गोरखपुर के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली जायेगी आज तारा मंडल क्षेत्र में प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में ही योगाभ्यास बाद प्रभु राम का जयघोष योग साधकों द्वारा लगाया गया। योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी ने अपने सभी साधकों को बताया कि जिस प्रकार से प्रभु राम जी की प्राण प्रतिष्ठा इस सांसारिक अयोध्या नगरी में हो रही है ठीक उसी प्रकार अपने अंदर ह्रदय की नगरी में सच्ची प्राण प्रतिष्ठा करनी होगी तभी रामराज्य स्थापित होगा। भीतर का बदलाव ही रामराज्य का प्रतीक हैं। ऐसे दिव्यता भरी संदेश देते हुए गोरखपुर के सभी सनातनी को अपनी शोभा यात्रा में शामिल करने का प्रयास कर रहे। जिससे अपने लक्ष्य को पूर्ण कर इस नगरी को हरिद्वार जैसा नगरी बना सके। और ये एक दूसरे के सहयोग सेवा समर्पण भाव से ही पूर्ण होगा। उक्त अवसर पर महिला प्रभारी शोभा पांडेय , मुकेश साहनी , व्यास चौरसिया , आलोक गुप्ता , डॉ सिद्धार्थ त्रिपाठी , डॉ नरेंद्र सिंह , घनश्याम सिंह , राधेश्याम गुप्ता , रेनू मिश्रा , उमा त्रिपाठी , आभा सिंह , संतोषी सिंह , साधना पांडेय , वीनू राय , नीलम इत्यादि साधक उपस्थित रहें।



## संक्षिप्त खबरें

### संदहा में प्रस्तावित जनपद न्यायालय व सदर तहसील के लिए सर्वे शुरू




प्रखर वाराणसी। अब जनपद न्यायालय व सदर तहसील शहर के अंदर से हटकर बाहर करने की तैयारी हो चुकी है। इसी क्रम में संदहा में प्रस्तावित जनपद न्यायालय व सदर तहसील को लेकर सर्वे शुरू कर दिया गया। न्यायालय निर्माण के लिए पूर्व में चिन्हित 50 एकड़ भूमि का शुक्रवार को राजस्व कर्मियों की दो सदस्यी टीम में निरीक्षण कर भूमि के स्थल व नवैयत की रिपोर्ट तैयार की। राजस्व निरीक्षकों की माने तो इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्टार जनरल की ओर से जिला न्यायाधीश को पत्र लिखकर प्रस्तावित भूमि के संबंध में कुछ बिंदुओं पर स्पष्ट आख्या मांगी गई है। जिला भूमि अध्यापित अधिकारी नीरज प्रसाद के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपालों द्वारा प्रस्तावित भूमिका का निरीक्षण किया गया। चिन्हित भूखंड पर लगभग एक दर्जन लोगों ने पक्का मकान बनवा लिया है। जबकि सड़क के किनारे कुछ अस्थाई व कुछ स्थाई दुकानें भी हैं। कुछ लोगों ने अपनी दुकान व जमीन पर तीन से चार फीट ऊंची चारदीवारी बनाकर घेर भी लिया है। राजस्व निरीक्षकों के अनुसार सर्वे लगातार चलेगा, खतौनी में दर्ज ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन के साथ किसानों की भी जमीन का गाटावार विवरण तैयार करने का निर्देश प्राप्त है। डीएम ने बताया कि न्यायालय के लिए जमीन चिंतित है, राजस्व कर्मियों द्वारा वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा! करीब 150 चार्टर्ड प्लेन के साथ 200 जहाजों का बाबतपुर एयरपोर्ट पर होगा आगमन, 13 होंगे पार्क

प्रखर वाराणसी/अयोध्या। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 20 जनवरी से ही वाराणसी एयरपोर्ट पर देश व विदेश से चार्टर्ड प्लेन से मेहमानों का आगमन शुर हो रहा है। बता दे की अयोध्या व लखनऊ के एयरपोर्टों पर जगह कम होने की वजह से बाबतपुर एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन व विमान को उतारा जाएगा। हजारों की संख्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में देश व विदेश से पहुंच रहे भक्तों के लिए सरकार ने यह सुविधा उपलब्ध कराई है। अयोध्या आ रहे अति विशिष्ट मेहमानों के 13 चार्टर विमान बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रात में पार्क किए जाएंगे। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी भी पूरी कर ली गई हैं। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में देश-विदेश से विशिष्ट व अति विशिष्ट मेहमान अयोध्या पहुंच रहे हैं। जिसके जिसमें करीब 200 विमान की आने की संभावना है। इसमें ज्यादातर चार्टर प्लेन ही होंगे। एटीसी के अफसर के अनुसार 32 चार्टर विमान को बाबतपुर एयरपोर्ट पर पार्क करने की अनुमति मांगी गई थी। लेकिन सीमित जगह होने की वजह से सिर्फ 13 चार्टर विमान को अनुमति मिली। यह विमान 5 सीटर से लेकर 15 सीटर के होंगे। अयोध्या में अतिथियों को छोड़ने के बाद यह चार्टर विमान रात में पार्क होने के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। फिर सुबह बाबतपुर एयरपोर्ट से उड़ान भर के अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में आए मेहमानों को लेकर अपने गन्तव्य के लिए रवाना हो जाएंगे।

### दिव्यांग जनों ने राम जानकी, हनुमान मंदिर, महादेव तथा काली मंदिर का किया साफ सफाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दिव्यांग प्रकोष्ठ की काशी क्षेत्र की सहसंयोजक सविता सिंह के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा शुक्रवार को दिव्यांग जनों द्वारा महाराजगंज स्थित राम जानकी व हनुमान मंदिर महादेव तथा काली मंदिर का साफ सफाई किया गया, जिसमें दिव्यांग प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा महाराजगंज के विभिन्न मंदिरों में भी साफ सफाई किया गया। इस मौके पर दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक कुमार रुपेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी नाथ द्वारा स्वच्छ अभियान चलाया गया, इसी के तहत हमारे दिव्यांग भाइयों द्वारा द्वारा सफाई अभियान किया गया। इस मौके पर अमरनाथ गुप्ता, अशोक यादव, सुमित्रा, रागिनी, नाजिया बेगम, सुमन कुशवाहा, जालंधर, चंदन आदि लोग शामिल थे।



### अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस संग अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना जमानिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 24/2024 धारा 3/25 आर्म्स अधिनियम से सम्बम्धित अभियुक्त जिसके पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 0.315 बोर को बरामद करने के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक जमानियाँ के द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2024 को उ0नि0 बालेन्द्र कुमार मय हमराहियान के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के लिए चलाये जा रहे। अभियान के तहत चेकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति में मामूर थे कि मुखवीर खास की सूचना के आधार पर डेवढी पुलिया के पास समय करीब 16.40 बजे एक अभियुक्त के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 0.315 बोर अवैध बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु रवाना किया गया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता प्रमोद कुमार उर्फ अश्वनी पुत्र स्व0 रमेश सिंह निवासी ग्राम बरुइन थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर उम्र 25 वर्ष बताया जा रहा है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं